जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, सोमवार 12 फरवरी, 2024

RATED AMONG 101-150 RANK BAND YEAR 2021 & 2022 IN UNIVERSITY CATEGORY BY nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK Ministry of Education, Govt. of India

ACCREDITED BY: NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

QS I-GAUGE INDIAN UNIVERSITY RATING DIAMOND

NIMS HOSPITAL (A unit of Nims University)

NIMS UNIVERSITY RAJASTHAN, JAIPUR

## Prof. (Dr.) Balvir S. Tomar

*Founder & Chancellor*


OF NIMS UNIVERSITY RAJASTHAN, JAIPUR

on occasion of

# CONVOCATION - 2024

Monday, February 12, 2024 at 3:30 pm onwards | Venue: Nims University Rajasthan, Jaipur

*Welcomes*



*Chief Guest*

## Shri Nitin Gadkari

Hon'ble Union Minister of Road Transport & Highways, Government of India

*Guests of Honour*



## Smt. Diya Kumari

Deputy Chief Minister, Govt. of Rajasthan



## Dr. Prem Chand Bairwa

Deputy Chief Minister, Govt. of Rajasthan

TRANSFORMING NIMS UNDER THE DYNAMIC LEADERSHIP OF



## Prof. (Dr.) Balvir S. Tomar

M.B.B.S., M.D., M.C.H.(USA), M.I.A.P., M.A.H.T.(ENGLAND), F.A.A.P.(USA), F.I.C.A.(USA), F.A.C.U.(LONDON)

FOUNDER & CHANCELLOR
NIMS University Rajasthan, Jaipur




*Architectural representation of Marik Center of Artificial Intelligence, Robotics & Cybernetics & Lecture theater complex*

18 Countries Students Vibrant Students Experience | 24+ Inter Disciplinary Colleges | 1600+ Recruiting Companies | 20+ Foreign Partnerships | 400+ Courses | 7 Time Recipient of Best University Awards | 40+ National Awards & Rankings | 1400+ Bedded Super Speciality Hospital | 1,000+ Faculties | 200+ Professors from Reputed Institutes | More than 200 acres Lush Green Campus | 1 Lac + Alumni | 5,000+ In-campus Residency

MULTI-SPECIALITY 1400+ BEDDED TERTIARY LEVEL HOSPITAL ON CAMPUS WITH CUTTING EDGE TECHNOLOGIES

STATE-OF-ART MRI | DUAL SOURCE DUAL ENERGY CT | BI-PLANE CATH LABS | LATEST GENERATION ECHO WITH 4-D APPLICATION | 3D & 4D ULTRASOUND | PET CT | LINEAR ACCELERATOR | INTEGRATED BRACHYTHERAPY UNIT | DIGITAL X-RAY, FLUOROSCOPY | BONE DENSITOMETRY | DIGITAL MAMMOGRAPHY | BARRIER NURSING FACILITY

NIMS UNIVERSITY RAJASTHAN, JAIPUR

Dr. B.S. Tomar City, Jaipur-Delhi Highway, Jaipur -303121 Rajasthan (India)
www.nimsuniversity.org | Toll Free : 1800 120 1020

## विचार बिन्दु

**दया और सत्यता परस्पर मिलते हैं, धर्म और शांति एक-दूसरे का साथ देतें हैं। –बाइबल**

# भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है!

**--ए.आर. रहमान**

भारतीय संगीत के लिए यह बहुत बड़ी ख़बर है। न केवल भारतीय संगीत के लिए, हर भारतीय के लिए भी। हाल में अमरीका के शहर लॉस एंजिलस के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में आयोजित हुए 64 वें ग्रैमी अवार्ड समारोह में जब हमारे देश के विख्यात तबला वादक उस्ताद ज़ाकिर हुसैन, प्रतिष्ठित बांसुरी वादक राकेश चौरसिया, जाने-माने गायक शंकर महादेवन, प्रसिद्ध तालवादक वी.सेल्वागणेश और सुपरिचित वायलिन वादक गणेश राजगोपालन को ग्रैमी पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई तो स्वाभाविक ही था कि हर भारतीय का सर गर्व से ऊंचा हो गया। उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को तीन, राकेश चौरसिया को दो और शेष तीनों कलाकारों को एक-एक ग्रैमी अवार्ड दिया जाने की घोषणा हुई। गायक शंकर महादेवन, वायलिन वादक गणेश राजगोपालन और तबलावादक वी.सेल्वागणेश के एक फ्यूज़न संगीत समूह शक्ति ने अपने एल्बम दिस मूमेण्ट के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम की श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त किया है। इस एल्बम में इन कलाकारों के साथ इस संगीत समूह के संस्थापक सदस्य ब्रिटिश गिटार वादक जॉन मैकलॉघलिन का कृतित्व भी शामिल है। यहीं यह जान लेना भी उपयुक्त होगा कि लगभग 45 से भी अधिक वर्षों में शक्ति ने यह अपना पहला स्टूडियो एल्बम जून 2023 में ज़ारी किया था। उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को इस दिस मूमेण्ट एल्बम के अतिरिक्त एक अन्य एल्बम 'पश्तो' के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुति और एज़ वी स्पीक के लिए सर्वश्रेष्ठ समसामयिक वाद्य एलबम का ग्रैमी पुरस्कार भी मिला है। इस तरह तीन ग्रैमी पुरस्कार उनके नाम से जुड़े हैं। यहीं यह भी जान लिया जाए कि सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत प्रस्तुतिकी श्रेणी में कुल आठ नामांकन थे जिनमें से एक फालू का अबण्ड्न्स इन मिलेट्स भी था। प्रसंगवश, इस गीत में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दिखाई दिए थे। बांसुरी वादक राकेश चौरसिया ने अमरीकी बेंजो वादक फ्लेक और अमरीकी बास वादक एडगर मेयेर के साथ 'पश्तो और एज़ वी स्पीक के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीते हैं। यह तो बताने की ज़रूरत ही नहीं होनी चाहिए कि उस्ताद ज़ाकिर हुसैन देश के महानतम तबला वादकों में से एक, उस्ताद अल्ला रक्खा खां साहब के और राकेश चौरसिया महान बांसुरी वादक पंडित हरि प्रसाद चौरसिया के सुपुत्र हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जाने-माने संगीतकार एआर रहमान ने ठीक ही कहा कि 'भारत के लिए ग्रैमी में बरसात हो रही है'। यहीं यह भी बताता चलूं कि स्वयं एआर रहमान सन 2008 में स्लमडॉग मिलेनियर के लिए दो ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके हैं।

ग्रैमी अवार्ड की गिनती संगीत उद्योग के सबसे अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों में की जाती है। संगीत की दुनिया में इस अवार्ड को वैसा ही सम्मान प्राप्त है जैसा सम्मान पत्रकारिता की दुनिया में पुलित्ज़र को हासिल है। ग्रैमी अवार्ड विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं, जैसे पॉप, रॉक, कण्ट्री, जैज़, हिप-हॉप, रेगे, आरबी और शास्त्रीय संगीत आदि। इनके अलावा पैकेजिंग और एल्बम नोट्स सहित प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन कामों के लिए भी ये पुरस्कार दिए जाते हैं। इनके अतिरिक्त रिकॉर्ड, एल्बम, वर्ष का गीत और सर्वश्रेष्ठ नए कलाकार के लिए चार सामान्य पुरस्कार भी दिए जाते हैं। इन श्रेणियों में लगातार इज़ाफ़ा होता रहा है। मसलन इस वर्ष अर्थात 2024 में तीन नई श्रेणियां जोड़ी गई हैं– सर्वश्रेष्ठ अफ्रीकी संगीत प्रदर्शन, सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक जैज़ एल्बम और सर्वश्रेष्ठ पॉप डांस रिकॉर्डिंग। ग्रैमी पुरस्कार अमरीका की नेशनल एकेडेमी ऑफ रिकॉर्डिंग आर्ट्स एण्ड साइंसेज़ जिसे आम बोलचाल में रिकॉर्डिंग अकादमी या अकादमी कहा जाता है, के द्वारा दिए जाते हैं। पुरस्कारों के लिए नामांकन और चयन की एक लम्बी प्रक्रिया होती है और हर बरस उसे अद्यतन कर अधिकाधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जाता है। ग्रैमी का पात्र होने के लिए रिकॉर्डिंग या संगीत वीडियो संयुक्त राज्य अमरीका में एक निश्चित अवधि में ज़ारी होना चाहिए। प्रविष्टियां रिकॉर्ड कंपनियों के अतिरिक्त अकादमी के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत की जा सकती हैं और पात्रता एवं श्रेणी प्लेसमेण्ट तय करने के लिए उनकी समीक्षा की जाती है। ग्रैमी पुरस्कार पहली बार 1959 में लॉस एंजिलस में दिए गए थे। तब केवल 28 पुरस्कार दिए गए थे, जिनकी संख्या बढ़ते-बढ़ते अब 84 को पार कर चुकी है। प्रथम पुरस्कार समारोह में एला फिट्ज़गेराल्ड, फ्रैंक सिनात्रा और किंग्स्टन ट्रायो शामिल थे। ग्रैमी पुरस्कार के रूप में कोई नकद धन राशि नहीं दी जाती है। विजेता को केवल एक ग्रैमी प्रतिमा प्रदान की जाती है। यह प्रतिमा एक सोना चढ़ाया हुआ ग्रामोफ़ोन है जिसे आजकल हम रिकॉर्ड प्लेयर भी कहते हैं। ग्रैमी शब्द ग्रामोफ़ोन का ही संक्षिप्त रूप है और इस तरह यह पुरस्कार ग्रामोफ़ोन और संगीत उद्योग पर इसके क्रांतिकारी प्रभाव को सम्मानित करता है। भले ही ग्रैमी पुरस्कार विजेता को कोई नकद धनराशि प्राप्त नहीं होती है, इस पुरस्कार की प्रतिष्ठा इतनी अधिक है कि इसकी वजह से पुरस्कृत कलाकार की प्रतिष्ठा में अकल्पनीय वृद्धि होती है और उसके संगीत की बिक्री में उछाल आ जाता है तथा कलाकार के रूप में उसकी फ़ीस कई गुना बढ़ जाती है। यही वजह है कि हर कलाकार इस पुरस्कार को पाने का ख़्वाब देखता है।

> **भले ही ग्रैमी पुरस्कार विजेता को कोई नकद धनराशि प्राप्त नहीं होती है, इस पुरस्कार की प्रतिष्ठा इतनी अधिक है कि इसकी वजह से पुरस्कृत कलाकार की प्रतिष्ठा में अकल्पनीय वृद्धि होती है और उसके संगीत की बिक्री में उछाल आ जाता है तथा कलाकार के रूप में उसकी फ़ीस कई गुना बढ़ जाती है। यही वजह है कि हर कलाकार इस पुरस्कार को पाने का ख़्वाब देखता है।**

भारत के हिस्से में पहला ग्रैमी पुरस्कार सन् 1968 में आया था। उस साल पंडित रवि शंकर को उनके एल्बम ईस्ट मीट्स वेस्ट के लिए बेस्ट चेम्बर म्यूज़िक परफॉर्मेंस की श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया था। इसके बाद 1969, 1970 और 1971 में कुल चार बार भारतीय संगीतकार ज़ुबिन मेहता अलग-अलग श्रेणियों में नामांकित हुए, लेकिन भारत को अगला पुरस्कार फिर से पंडित रवि शंकर ही दिलवा सके। सन् 1973 में उनके द कंसर्ट फॉर बांग्लादेश को एल्बम ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। इसके बाद छह बार नामांकित हो चुकने के बाद सन 1981 में ज़ुबिन मेहता ने दो ग्रैमी जीते। और इसके बाद 1982 में उन्होंने एक और 1990 में दो ग्रैमी जीते। नामांकित तो वे अनगिनत बार हुए। 1991 में टीएच विनायकराम और ज़ाकिर हुसैन ने अपने एल्बम प्लेनेट ड्रम के लिएबेस्ट वर्ल्ड म्यूज़िक एल्बम का ग्रैमी जीता, तो इससे अगले बरस अर्थात 1993 में पण्डित विश्वमोहन भट्ट की इसी श्रेणी में यह पुरस्कार मिला। इनके अतिरिक्त एआर रहमान को 'स्लमडॉग मिलिनेयर' के लिए दो ग्रैमी मिल चुके हैं। उस्ताद ज़ाकिर हुसैन, टीएच विनायकराम, एच श्रीधर वे अन्य भारतीय हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। जहां तक महिलाओं की बात है, फाल्गुनी शाह, तन्वी शाह और नीला वासवानी ये पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं। बेंगलुरु के संगीतकार रिकी केज 2015 और 2022 में दो बार यह पुरस्कार जीत चुके हैं।

विगत वर्षों में भारतीय संगीत ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। एक समय वह था जब हमारे पंडित और उस्ताद अपने संगीत को सीने से चिपकाए रहते थे और वह समय भी अभी बहुत पुराना नहीं हुआ है जब हमारे गायक अपनी आवाज़ को रिकॉर्ड करवाने से बचते थे। उसके बाद समय ने करवट ली और पंडित रवि शंकर और उस्ताद अली अकबर खां ने पश्चिम को हमारे संगीत के सौंदर्य से चमत्कृत करके इसे बाहर की दुनिया तक पहुंचाने की शुरुआत की। बीट्ल्स का भारतीय संगीत से लगाव इसके प्रसार की बड़ी वजह बना। आहिस्ता-आहिस्ता हमारा संगीत भी वैश्विक होता गया है और ग्रैमी जैसे मंच पर इसकी धमाकेदार उपस्थिति इसकी ताकत और क्षमता की परिचायक है। आज जब सारी दुनिया का संगीत तकनीक में आए बदलावों की वजह से बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ग्रैमी जैसे पुरस्कार उसमें नई ऊर्जा का संचार करने के कारण अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। नई तकनीक ने संगीत को सर्व सुलभ बना दिया है लेकिन इसी के साथ कलाकार के आर्थिक स्त्रोतों को भी सुखा दिया है। पहले हम रिकॉर्ड खरीदते थे तो रॉयल्टी का कुछ हिस्सा कलाकार तक भी पहुंचता था। अब वह संभावना लगभग समाप्त हो गई है। अब काफी कुछ बदल गया है। ऐसे में अगर किसी पुरस्कार से कलाकार की लोकप्रियता में वृद्धि होती है तो यह संभावना भी बनती है कि उसे कुछ आर्थिक उपलब्धि भी होगी। कलाकार के अस्तित्व के लिए, उसकी साधना के लिए आर्थिक स्त्रोतों का सजीव रहना बहुत ज़रूरी है। पुरस्कार इनकी संभावनाओं में वृद्धि करते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# अवसर की तलाश में बहुराष्ट्रीय कंपनियां



अविनाश जोशी

बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारतीय परिवेश में अपने आप को विकसित कर व्यापार बढ़ाने की जुगत में लगी हुई है एवम इन कंपनियों को इस बात का अहसास है की भारत का मध्यम वर्ग आबादी के हिसाब से यूरोप से भी बहुत बड़ा है एवम अधिकतर लोग हिंदी जानते है एवम हिंदी में बात करते है यह सच बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने समझ लिया है यही कारण है कि आजकल अधिकांश कंपनियां अपना विज्ञापन हिंदी में करते है क्योंकि अगर भारत में अपना उत्पाद बेचना है तो सबसे पहले देश की संस्कृति एवम भावनाओ को समझना होगा। कुछ वर्षो पूर्व भारत के अधिकांश ऑफिसेज में अंग्रेजी में ही बात होती थी और अंग्रेजी में ही उत्पाद का विवरण परोसा जाता था लेकिन परिस्थितियां बदल गई है आज हिंदी में हर उत्पाद का विवरण उपलब्ध है। एक बात तो स्पष्ट है कि व्यापार भले ही अंग्रेजी में हो रहा है लेकिन हिंदुस्तानी सपने तो आज भी हिंदी में ही लिए जाते है। यह सच एवम भाव बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बखूबी समझ लिया है एवम यही कारण है कि अधिकांश विज्ञापन हिंदी में ही प्रसारित किए जाते है। किसी भी कंपनी को अपने उत्पाद को पहचान दिलाने के लिए विज्ञापन की जरूरत होती है एवम भारत में वो अंग्रेजी में संभव नहीं है। विश्व की अनेक नामचीन कंपनियां जैसे माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले, और पेप्सिको, आदि ने इस परिपाटी को समझा एवम सफलता पूर्वक व्यापार की आगे बढ़ाया। 1990 के दशक में जब से भारत वैश्वीकरण के लिए खुला तब से भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने उत्पाद विपणन के अनेकों प्रयोग किए एवम अंत में भारतीय जनमानस के भाव एवम विचारो के अनुसार ढाल के सफलता के पायदान पे अग्रणी स्थान पे कार्य कर रही है। लगातार बढ़ते प्रतिभा पूल, अनुकूल जनसांख्यिकी और मजबूत घरेलू मांग के साथ, भारत विकास के कई अवसर प्रदान करता है।

भारतीय बाज़ार में निश्चित रूप से बहुत अवसर है लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने चुनौतियां ऐसी हैं कि हार्ले डेविडसन और जनरल मोटर्स जैसे स्थापित ब्रांड भी भारतीय बाजारों पर कब्जा करने की कोशिश कर चुके हैं और असफल रहे हैं। भारतीय उपभोक्ताओं को समरूप ग्राहक मानना एक बड़ी गलती है जो बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अक्सर करती हैं। एक ही देश में ग्राहकों की प्राथमिकताएँ अलग-अलग क्षेत्रों में काफी भिन्न होती हैं। बाजार में प्रवेश करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए स्थानीय ज्ञान महत्वपूर्ण है, लेकिन यह ज्ञान प्राप्त करना आसान नहीं है, खासकर यदि कंपनी का नेतृत्व कोई प्रवासी कर रहा हो। भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ऐसी समस्याओं से निजात पाने के लिए भारतीय मूल के लोगो को नेतृत्व देना होगा क्योंकि इन लोगों को इस बात की बेहतर समझ है कि भारत में सफल होने के लिए क्या करना होगा और वे बाजार की गतिशीलता के साथ-साथ देश के सांस्कृतिक परिदृश्य को भी समझते हैं। अनुभव एवम सफल नेतृत्व की दास्तान कहती लंबी फेहरिस्त भारत में उपलब्ध है इन प्रबंधकों को अवसर प्रदान कर कंपनियां अपने इच्छित स्थान पे पहुंच सकती है। किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के लिए पूरे भारत में कार्यालय स्थापित करना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्हें कर्मचारियों को अपने मन की बात कहने की अनुमति देने और फिर भी सभी को सांस्कृतिक विविधता के बारे में शिक्षित करने के बीच एक संतुलन बनाने की ज़रूरत है ताकि कोई भी नाराज न हो और सभी लोग सद्भाव में मिलकर काम कर सके। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को न केवल कंपनी की संस्कृति के निर्माण में बल्कि अपने कर्मचारियों की संस्कृति को समझने में भी निवेश करने की जरूरत है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पास शायद ही कभी वाणिज्यिक स्थान होते हैं। इसके बजाय, वे कार्यालय स्थान पट्टे पर लेना पसंद करते हैं। भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए सही कार्यालय स्थान का चयन करना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उच्च मांग के कारण, वाणिज्यिक परियोजनाओं के पूरी तरह से निर्माण और सौंपने से पहले उन्हें बड़े कार्यालय स्थान बुक करने की आवश्यकता होती है। प्रारंभ में, उनकी टीमों के लिए स्थान बहुत बड़ा हो सकता है, लेकिन जैसे-जैसे कंपनी बढ़ती है, उसका व्यापार बढ़ता है। अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने कार्यालय से आगे निकल जाती हैं। मौजूदा कार्य स्थल के करीब दूसरा स्थान ढूंढना आमतौर पर असंभव है। पारंपरिक कार्यालय मॉडल से दूर सह-कार्य स्थान पर जाना इस समस्या का सबसे व्यवहार्य समाधान हो सकता है। द ऑफिस पास (टॉप) जैसे सहकर्मी ऑपरेटर बहुराष्ट्रीय कंपनियों को फर्श की जगह के बजाय डेस्क की जगह पट्टे पर देने में सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार, वे अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पट्टे पर ली गई जगह का मिलान कर सकते हैं और अपने कर्मचारियों की संख्या के अनुरूप आकार बढ़ा सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट जैसे ब्रांडों ने पहले ही पहल कर दी है और भारत में लचीले कार्यालय स्थान को पट्टे पर देना शुरू कर दिया है।

भारतीय विलासितापूर्ण खरीदारी करने से नहीं कतराते, लेकिन साथ ही, वे रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं के लिए भी मोलभाव करते हैं। भारतीयों की मूल्य-केंद्रित मानसिकता अद्वितीय है और इसे अक्सर बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं के अंतर्गत सूचीबद्ध किया जाता है। जैसा कि आँकड़ों से साबित होता है, भारतीय ब्रांड के प्रति उतने वफादार नहीं हैं जितना वे मूल्य निर्धारण के प्रति सचेत हैं।

कीमतों में थोड़ी सी भी बढ़ोतरी से ग्राहकों का नुकसान हो सकता है। इसलिए, व्यवसायों को गुणवत्ता को प्रभावित किए बिना अपनी लागतों को नियंत्रित करने का एक तरीका खोजने की आवश्यकता है। यह एक और तरीका है जिससे सहकर्मी स्थान पर जाने से मदद मिल सकती है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ जो सह-कार्य इकाइयों में स्थान पट्टे पर लेती हैं, उन्हें सुरक्षा, कार्यालय एयर कंडीशनिंग, हाउसकीपिंग आदि जैसी परिचालन लागतों पर विचार करने की आवश्यकता नहीं होती है। लंबे समय में, इससे महत्वपूर्ण बचत हो सकती है। कोई यह मान लेगा कि भारत के प्रतिभा पूल और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए उपलब्ध संसाधनों को देखते हुए, लोगों को भर्ती करना आसान है लेकिन वास्तव में, भर्ती अभी भी भारत में विदेशी कंपनियों के सामने आने वाली चुनौतियों में से एक है। सबसे पहले, सभी शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियां सर्वश्रेष्ठ लोगों को काम पर रखने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। दूसरे, भारत के शीर्ष संस्थानों के शीर्ष लोग अब किसी ब्रांड के लिए काम करने से संतुष्ट नहीं हैं, वे अपना खुद का ब्रांड बनाना चाहते हैं।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उद्योग, स्थान और कंपनी के आकार के आधार पर भिन्न हो सकती हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने आने वाली कुछ सामान्य चुनौतियों में शामिल हैं: सांस्कृतिक मतभेद, कानूनी और नियामक अनुपालन, मुद्रा में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा प्रबंधन और प्रतिष्ठा प्रबंधन।

ऐसे कई कारक हैं जो बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) के विकास को प्रभावित कर सकते हैं, जिनमें शामिल हैं: आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता, पूंजी तक पहुंच, तकनीकी प्रगति, बाजार की मांग, वैश्वीकरण, प्रतिभा अधिग्रहण और प्रबंधन और नियामक वातावरण। किसी कंपनी के विकास को प्रभावित करने वाले विशिष्ट कारक उसके उद्योग, भौगोलिक स्थिति और अन्य कारकों के आधार पर अलग-अलग होंगे। देश बदल रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बड़े-बड़े अधिकारी भी अब हिन्दी सीख रहे हैं। उन्हें मालूम है कि भारत एक बड़ा बाजार है और अगर यहाँ टिके रहना है तो यहाँ की भाषा सीखकर ही आगे बढ़ सकते हैं। यही कारण है की हिंदुस्तान का हर उत्सव एवम त्यौहार बहुराष्ट्रीय कंपनियां गर्मजोशी से मनाते है एवम उसमे भी कही न कही व्यापार के अवसर तलाशते रहते है।


**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र लेखक एवं पत्रकार**

# केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी घना उद्यान से 19 चीतल रामगढ़ विषधारी लाये गये

## 16 मादा चीतल और 3 नर चीतल को लाकर छोड़ा गया

**बूंदी, (निसं)।** रामगढ़ विषधारी को आबाद करने और जिले में इको टूरिज्म को गति देने की दृष्टि से एक और बाघिन को रणथंभौर टाइगर रिजर्व से लाने की तैयारी चल रही है।

इसी तैयारी के चलते केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी घना उद्यान से प्री-बेस के रुप में 19 चीतल लाए गए जो रामगढ़ विषधारी की जमीन पर कुलांचे भरते नजर आए। शनिवार देर शाम को 19 चीतल रामगढ़ विषधारी की जमीन पर कंटेनर से आजाद किए गए। इनकी इस खेप में 16 मादा चीतल और 3 नर चीतल हैं। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के उपवन संरक्षक संजीव शर्मा ने बताया कि घना से आए इन चीतलों को अभ्यारण्य क्षेत्र के झरबंधा क्षेत्र में छोड़ा गया है। सभी 19 चीतल सकुशल वाहन से कूदकर वन क्षेत्र में कुलांचे भरते हुए चले गए।



**चीतल रामगढ़ विषधारी की जमीन पर कंटेनर से छोड़े गए।**

> **■ 'चीतल का साल में दो बार अप्रैल-मई व सितंबर-अक्टूबर में प्रजनन काल रहता है'**

भरतपुर के घना नेशनल पार्क से इन चीतल को ट्रेप कर वाहन द्वारा रामगढ़ लाया गया।

गौरतलब है कि रामगढ़ विषधारी में 150 चीतल भेजे जाने है। पूर्व में भी घना अभ्यारण्य से चीतल को यहां लाकर वन क्षेत्र में छोड़ा गया हैं, जिनकी संख्या भी वर्तमान में अच्छी हो चुकी है। संजीव शर्मा, उपवन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक, ने बताया कि रामगढ़-विषधारी टाइगर रिजर्व-रामगढ़ टाइगर रिजर्व में घाना से आए 19 चीतलों ने सकुशल छोड़ा गया। वनकर्मियों द्वारा इनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इनके आने से रामगढ़ में प्रे-बेस में बढ़ोतरी होगी। विट्ठल सनाढ्य पूर्व वन्य जीव प्रतिपालक ने बताया कि चीतल का साल में दो बार अप्रैल-मई व सितंबर-अक्टूबर में प्रजनन काल रहता है। जिससे चीतल की संख्या तेजी से बढ़ती है। आसानी से पेड़ों झाड़ियों की पत्तियां खाकर अपना पेट भर लेते हैं। इनके लिए विशेष ग्रासलैंड की जरूरत भी नीं होती हैं।

# 80 फीट गहरे कुएं में गिरा अजगर

**पुष्कर, (निसं.)।** अजमेर जिले के पुष्कर के नजदीक चावंडिया गांव में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मित्र टीम की सूझबूझ के कारण कुएं में गिरे अजगर सांप की जान आखिरकर बच गई। चावंडिया गांव में किसान नोरत माली के खेत पर बने करीब 80 फीट गहरे कुएं में एक अजगर सांप गिर गया था। खेत पर पहुंचे नोरत ने जब कुएं में देखा तो कुएं में अजगर सांप नजर आया, जिसके बाद नोरत ने निस्वार्थ रूप से सांपों का जीवन बचाने वाली पुलिस मित्र टीम को कुएं में अजगर सांप गिरने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मित्र की टीम के स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र बच्चानी, सांवरा शर्मा व विष्णु प्रकाश ने तुरन्त ही कुएं में गिरे अजगर सांप को निकालने का प्रयास शुरू किया।

सबसे पहले रस्सियों की सहायता से अजगर को बाहर निकालने का प्रयास किया गया पर अजगर का वजन ज्यादा होने के कारण रेस्क्यू करने में परेशानी हुई। इसके पश्चात स्नेक रेस्क्यूएर राजेन्द्र वच्छनी सहयोगी के साथ कुवे में उतरकर 12 फीट लंबे भारी भरकम अजगर को रेस्क्यू किया और बाहर निकाला। मोके पर मौजूद ग्रामीणों ने अजगर की जान बचाने पर टीम पुलिस मित्र के निस्वार्थ कार्यों की सराहना की। इसके पश्चात अजगर को वन विभाग के अधिकारी सौरभ जैन व भंवर सिंह के निर्देशन में जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि अजगर सांप तीन-चार दिन पहले कुएं में गिरा था। लेकिन मालिक को उसे निकालने का रास्ता नहीं नजर आया। अगर ज्यादा दिन तक अजगर कुएं में रहता तो मर जाता। क्योंकि कुएं में ज्यादा खाने को नहीं मिलता साथ ही ठंड के मौसम में ठंडा पानी उसके लिए घातक सिद्ध होता। वन्यजीवों के विशेषज्ञ राजेन्द्र वच्छनी कहना है कि अजगर जैसे कोल्ड ब्लड वाले प्राणी को बहुत ज्यादा ठंडा पानी वैसे ही सूट नहीं करता इस कारण से भी उसकी मृत्यु हो जाती।



**चावंडिया गांव में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मित्र टीम ने अजगर को कुंए से बाहर निकाला।**


> **■ टीम पुलिस मित्र ने कुएं में उतरकर अजगर की जान बचाई**
>
> **■ बताया जा रहा है कि अजगर तीन-चार दिन पहले कुएं में गिरा था**

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में छह जोड़े हमसफर बने

**अजमेर, (कासं)।** भारत विकास परिषद अरावली अजमेर की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन विजयलक्ष्मी पार्क में किया गया। सम्मेलन में छह जोड़े विवाह बंधन में बंधे। भाविप अरावली अजमेर शाखा के संरक्षक संदीप गोयल ने बताया कि पिछले चार वर्षों से शाखा की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है।

इसी कड़ी में 6 जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्व हिंदू समाज के जोड़ों के लिए किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर ब्रज लता हाडा ने सभी वर वधु को आशीर्वाद देते हुए सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामना दी। साथ ही उन्होंने संस्था को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता का प्रतीक है और सर्व समाज को एकत्रित होकर इस प्रकार के आयोजन करने चाहिए। इस अवसर पर नगर निगम अजमेर द्वारा समारोह स्थल की सभी व्यवस्थाएं सहयोग करने के लिए शाखा सदस्यों ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 12 फरवरी, 2024**

माघ मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र दिन 2:57 तक, सिद्ध योग रात्रि 2:37 तक, तैतिल करण प्रातः 7:27 तक, चन्द्रमा प्रातः 9:36 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मेष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 2:57 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 4:13 से आरम्भ होगी। आज गौरी तृतीया, वरद और कुन्द चतुर्थी, तिल चौथ, पंचक है। आज सावान मु. मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ सूर्योदय से 8:33 तक, शुभ 9:55 से 11:15 तक, चर 2:04 से 3:27 तक, लाभ-अमृत 3:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:12

**मेष**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। घर-परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को परिचितों से सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कुंभ**
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनः स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 18 संख्याः 306 प्रभात जालोर, सोमवार 12 फरवरी, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## आर.पी.एन. सिंह को यू.पी. से राज्यसभा भेजेगी भाजपा

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सभा के आगामी द्विवार्षिक चुनावों के लिए सात राज्यों की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवार रविवार को घोषित कर दिए।

भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञिप्त में बताया कि, पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ , कर्नाटक एवं उत्तराखंड के लिए 14 उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं।

- **भाजपा ने सात राज्यों की 14 राज्यसभा सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी।**

बिहार की दो सीटों के लिए धर्मशीला गुप्ता एवं डॉ. भीम सिंह, छत्तीसगढ़ से राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह, हरियाणा से सुभाष बराला, उत्तराखंड से

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## जद( यू )के चार विधायकों पर संशय गहराया

- **फ्लोर टैस्ट से पहले हुई बैठक में ये चारों विधायक नहीं आए, इनके सैलफोन भी बंद हैं।**
- **ये चार विधायक हैं- बीमा भारती, सुदर्शन, डॉ. संजीव और दिलीप राय।**
- **जद (यू) के मंत्री विजय चौधरी के आवास पर हुई बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे।**

पटना, 11 फरवरी। बिहार में 12 फरवरी को होने वाले फ्लोर टेस्ट से पहले सियासी हलचल शुरू हो गई है। 11 फरवरी को जद (यू) ने एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें पार्टी के विधायक शामिल हुए थे। लेकिन इस मीटिंग में जद (यू) के 4 विधायक नहीं पहुंचे और उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है।

दरअसल जद (यू) के मंत्री विजय चौधरी के आवास पर जद (यू) विधायकों की मीटिंग हो रही थी। इस मीटिंग में जद (यू) के 4 विधायक, बीमा भारती, सुदर्शन, डॉ संजीव और दिलीप राय नहीं पहुंचे। ये सभी विधायक 10 फरवरी को श्रवण कुमार के आवास पर हुए भोज में भी नहीं पहुंचे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि, इन चारों विधायकों के मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहे हैं। जद (यू) की इस मीटिंग में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

बताया जा रहा है कि, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के विधानमंडल दल की बैठक भी आज पूर्व मुख्यमंत्री मांझी के आवास पर चल रही है। इस मीटिंग में पार्टी के सभी 4 विधायक मौजूद हैं। जीतन राम मांझी का दावा है कि, हम 128 से ज्यादा का आंकड़ा पार करेंगे।

बिहार के सियासी घटनाक्रम पर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद का बयान भी सामने आया है। उन्होंने बिहार में फ्लोर टेस्ट को लेकर कहा कि, हमें कोई डर नहीं है, सिर्फ दो दिन की बात है। उनके (तेजस्वी) घर में लोग क्यों बंद हैं? पूर्व उप मुख्यमंत्री के घर में विधायक क्यों बंद हैं?

## हल्द्वानी में 25 दंगाई गिरफ्तार

नैनीताल, 11 फरवरी। उत्तराखंड के हल्द्वानी में आगजनी और दंगा भड़काने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से थाना से लूटी गयी गोलियों समेत कई हथियार भी बरामद किए हैं।

- **गिरफ्तार दंगाइयों से थाने से लूटे गए हथियार व गोलियां बरामद हुई हैं। मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अभी भी फरार है।**

इस कांड का मुख्य आरोपी अभी फरार है।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में असला भी बरामद हुआ है। अभी तक कुल 30 दंगाइयों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएस मीणा के अनुसार इस मामले में पुलिस की कई टीमें काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि, पूरे प्रकरण में अभी तक तीन

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## ‘चुनाव आयोग ने हमारी पार्टी दूसरों को दे दी’

### वरिष्ठ नेता शरद पवार ने कहा, चुनाव आयोग ने उन लोगों से एन.सी.पी. छीन ली, जिन्होंने इसे बनाया

- **पवार ने कहा, देश में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।**
- **पवार ने बारामती से चुनाव लड़ने से इंकार किया और कहा कि, बारामती के लोग सीधे व सरल हैं, वे सही निर्णय लेंगे।**

पुणे, 11 फरवरी। वरिष्ठ नेता शरद पवार ने रविवार को कहा कि, अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) का नाम और चुनाव चिह्न आवंटित किए जाने का निर्वाचन आयोग का फैसला ‘‘हैरान करने वाला है, शरद पवार ने यह भी कहा कि, निर्वाचन आयोग ने उन लोगों के हाथों से पार्टी छीन ली जिन्होंने इसे बनाया और आयोग ने इसे दूसरों को दे दिया।

शरद पवार ने कहा कि, लोगों के लिए कार्यक्रम और विचारधारा अहम है जबकि किसी चुनाव चिह्न की उपयोगिता एक सीमित समय के लिए होती है। उन्होंने कहा, ‘‘मुझे भरोसा है कि, लोग निर्वाचन आयोग के फैसले का समर्थन नहीं करेंगे। इसके खिलाफ हमने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

शरद पवार ने कहा कि, निर्वाचन आयोग ने न केवल हमारा चुनाव चिह्न छीना, बल्कि हमारी पार्टी भी दूसरों को दे दी। ज्ञातव्य है कि, शरद पवार ने एन.सी.सी. की स्थापना 1999 में की थी।

शरद पवार ने दावा किया कि, भाजपा के सत्ता में आने के बाद से उसके किसी भी नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ा है। ज्ञातव्य है कि, निर्वाचन आयोग ने हाल ही में उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को ‘‘मूल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.)’’ के रूप में मान्यता दे दी है और पार्टी का चुनाव चिह्न ‘‘घड़ी’’ भी उसे आवंटित कर दिया है। इस पर शरद पवार ने कहा कि, देश में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी गई है और लोग ऐसे फैसले का समर्थन नहीं करेंगे।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## 13 फरवरी को किसानों का ‘‘दिल्ली कूच’’

- **किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-69, सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाइवे तथा विभिन्न सम्पर्क मार्गों पर बड़े-बड़े पत्थर डाल दिए है और कीलें बिखेर दी हैं।**
- **हरियाणा के सिरसा सहित 7 जिलों में इन्टरनैट सेवा बंद करने के साथ धारा 144 लगा दी गई है।**

सिरसा, 11 फरवरी। केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागू न करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों के 13 फरवरी को ‘‘दिल्ली कूच’’ को लेकर हरियाणा पुलिस अलर्ट मोड पर है।

सिरसा व सरहद के पंजाब व राजस्थान राज्यों से किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 09,सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाई वे सहित विभिन्न संपर्क मार्गों पर बडे - बडे पत्थर रख दिए हैं व कीलें गाड दी हैं, जिससे इन क्षेत्रों का दिल्ली व चंडीगढ़ से संपर्क टूट गया है। इसके अलावा सिरसा सहित प्रदेश के सात जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है, जिससे आम जनमानस परेशान है। सिरसा जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

शनिवार बाद दोपहर से हरियाणा से चंडीगढ़ व पंजाब जाने वाली राज्य परिवहन व अन्य बसों का आवागमन बंद है। रास्ते इस कदर बंद किए गए हैं कि, किसी आपात स्थिति में एम्बुलेंस वाहन भी नहीं गुजर पाएगा।

सिरसा चंडीगढ़ स्टेट हाइवे पर हरियाणा पंजाब सरहद पर गांव मुसाहिबवाला के पास सड़क को खोद दिया है और भारी भारी पत्थर लगा दिए हैं। यहां हरियाणा पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस उपाधीक्षक सुभाष चन्द्र व सिरसा सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह की अगुवाई में तैनात जवानों ने आवागमन पूर्ण रूप से रोक दिया है।

इसके कारण हरियाणा-पंजाब से सड़क सम्पर्क टूट गया है। इसी तरह सिरसा-डबवाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव खैरेंका के पास सड़क पर कीलें गाडकर और बड़े पत्थर लगाकर मार्ग को रोक दिया गया है। इसी तरह डबवाली,रोड़ी,कालांवाली के पास पंजाब जाने वाले रास्तों को अवरूद्ध किया गया है। जिला पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर पड़ोसी राज्य राजस्थान व अन्य स्थानों से दिल्ली,पंजाब व चंडीगढ़ जाने वाले वाहनों के सिरसा जिले के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। मार्ग अवरूद्ध होने से राजस्थान से पंजाब व चंडीगढ़ जाने वाले भारी वाहन सड़क किनारे होटल व ढाबों पर खड़े हो गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह को सिरसा जिले में कानून और व्यवस्था के लिए विशेष तौर पर तैनात किया गया है। ममता सिंह व सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने हरियाणा-पंजाब की सरहद पर किए गए बंदोबस्त का जायजा लिया। रविवार सुबह से ही अगले तीन दिन के लिए इंटरनेट सेवा ठप्प कर दी गई है। जिले में धारा 144 लगा दी गई है। विभिन्न किसान जथेबंदियो के पदाधिकारियों की गतिविधियों पर प्रशासन व पुलिस की पैनी नजर है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## ‘किसानों की राह में कांटे बिछाना अमृत काल है या अन्याय काल’

नई दिल्ली, 11 फरवरी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने किसानों के प्रस्तावित, दिल्ली चलो मार्च से पहले राष्ट्रीय राजधानी की सीमा के पास कुछ स्थानों पर अवरोधक और सड़कों पर कीलें लगाने की खबरों को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा।

- **प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा, यह कैसी सरकार का लक्षण है**
- **प्रियंका ने एक्स पर सड़कों पर बिछाई गई कीलों व अवरोधकों का वीडियो भी शेयर किया।**

कांग्रेस महासचिव ने, किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़कों पर बिछाई गई कीलें और सड़क पर लगे अवरोधकों का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए सवाल किया कि, किसानों के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों किया

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता और दो अधिशाषी अभियंता निलंबित

### अलवर में 10 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करवाने के मामले में गाज गिरी

-कार्यालय संवाददाता-

- **इन तीनों अधिकारियों को निलंबन काल के दौरान मुख्य अभियंता व अतिरिक्त सचिव जयपुर के पास लगाया गया है, ताकि जांच प्रभावित नहीं कर सकें।**

जयपुर ,11 फरवरी। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) वृत अलवर के अधीक्षण अभियंता संगीत कुमार और अधिशाषी अभियंता राजेश जैन व श्रीराम मीणा को निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई अलवर में 10 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में हुई है। संयुक्त शासन सचिव निशा मीणा ने निलंबन के आदेश किए हैं। इन तीनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है, इसलिए निलंबन काल के दौरान इनका मुख्यालय, मुख्य अभियंता व अतिरिक्त सचिव जयपुर के पास किया गया है, ताकि कोई भी जांच को प्रभावित नहीं कर सके।

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों अलवर में सार्वजनिक निर्माण विभाग की 0.217 हैक्टेयर सरकारी जमीन पी.डब्ल्यू.डी. अधिकारियों की सांठ-गांठ से हड़पने का मामला सामने आया था।

यह मामला जैसे ही उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने मामले की विस्तृत जांच करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

तथ्यों के मुताबिक, 6 सितंबर 2023 को विद्युत खंड अलवर के अधिशाषी अभियंता ने अपने कार्यालय को अधीक्षण अभियंता कार्यालय में स्थानांतरित करने के लिए पत्र लिखा, जो कि सार्वजनिक निर्माण विभाग की 0.217 हैक्टेयर भूमि पर स्थित है। हैरानी की बात यह है कि 12 सितंबर को ही कार्यालय स्थानांतरित करने के आदेश भी प्राप्त हो गए, जबकि नियमानुसार कार्यालय स्थानांतरण के लिए प्रशासनिक विभाग से सक्षम स्वीकृति ली जानी थी।

तथ्यों से स्पष्ट होता है कि, जिस पर इस भूमि से कार्यालय शिफ्ट करने के लिए पत्र लिखा गया था और उसकी स्वीकृति मिली थी, उसके तुरंत बाद ही पी.डब्ल्यू.डी. की इस बेशकीमती जमीन पर निजी व्यक्ति का कब्जा होने की जानकारी मिली। यह घटनाक्रम बेहद संदिग्ध था और इसके लिए अलवर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के अधिकारी व जवाबदेही बताई जा रही थी।

## गाज़ा पर इज़रायली बमबारी, 25 की मौत

गाजा, 11 फरवरी। दक्षिणी गाज़ा पट्टी के शहर राफा में रविवार को एक घर पर हुए इज़रायली बमबारी में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए।

आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने आज यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि, बमबारी के समय कई विस्थापित लोग घर में रह रहे थे जिनमें से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गयी।

## योगी ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ रामलला के दर्शन किए

अयोध्या, 11 फरवरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनके मंत्रिमण्डल एवं राजग गठबंधन सहयोगियों ने आज श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी पूरी कैबिनेट एवं विधायकों एवं राजग गठबंधन के साथ श्रीरामजन्मभूमि में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। यह पहला मौका है जब पूरी योगी कैबिनेट ने रामलला के दर्शन किए हैं। इस अवसर पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने मंत्रिमण्डल के मंत्रियों और विधायकों को पूरे मंदिर का भ्रमण कराया। उत्तर प्रदेश में पहली बार मंत्रिमण्डल द्वारा श्रीरामलला का दर्शन-पूजन हुआ है। विधान मण्डल के दोनों सदन, विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और विधानसभा के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में विधानसभा के और विधान परिषद के सदस्यों ने पार्टी लाइन से हटकर रामलला का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पत्रकारों से कहा ‘‘मैं बहुत भावुक हूं, क्योंकि मैं जब इस स्थान पर आया था तो यहां एक ढांचा खड़ा था, जो छह दिसम्बर 1992 को हमारे सामने टूटा था। मैं उस समय यहां पर आया था, जब 1990 में यहां गोली चली थी। जिस समय चबूतरे का निर्माण हुआ था ,वह भी मुझे याद है और आज सौभाग्य की बात है कि, भगवान के प्रत्यक्ष रूप से दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## ‘घर-घर राशन देने की हमारी योजना रोक दी केन्द्र ने’

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी पार्टियां अपनी-अपनी राजनीतिक तैयारियों में जुटी हुई हैं। एन.डी.ए. गठबंधन के घटक दल हों या फिर इंडिया गठबंधन के घटक दल, सभी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं और अपने काम को दिखाकर लोकसभा चुनाव में जनता से वोट देने की अपील कर रहे हैं। इसी बीच, दिल्ली की मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि, जब दिल्ली में हमारी सरकार बनी तो हम घर-घर राशन योजना को शुरू करना चाहते थे। लेकिन केंद्र सरकार ने दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से इसके कियान्वन को रोक दिया।उन्होंने कहा, शनिवार को अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने इस योजना को पंजाब में लॉन्च किया। इस योजना का लाभ 17 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि, मैं दिल्ली के लोगों से अपील करती हूं कि, अगर आप चाहते हैं कि यह योजना दिल्ली में भी लागू की जाए, तो 2024 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को वोट दें। आतिशी ने दावा किया कि, इस योजना के तहत 70 लाख लोगों को घर पर ही राशन मिलेगा। आतिशी ने कहा कि, दिल्ली और पूरे देश में जो गरीब वर्ग के लोग हैं, सरकार उनको राशन देने के लिए एक पूरी व्यवस्था बनाती है।

## अमित शाह कर्नाटक पहुंचे

बेंगलुरु, 11 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक के पार्टी नेताओं के साथ मिलकर आम चुनावों के लिए रणनीति तैयार करने के लिए यहां पहुंच गये हैं।

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि, शाह राज्य के पार्टी नेताओं के साथ आम चुनावों के लिए रणनीति तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक, में इस साल लोकसभा चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर भाजपा और उसके सहयोगी जनता दल (सेक्यूलर) के बीच समन्वय से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा। शाह स्थानीय नेताओं के साथ जद (एस) के साथ सीटों की साझीदारी पर भी चर्चा कर सकते हैं। कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दोनों पार्टियों ने गठबंधन किया है। कर्नाटक भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों और भाजपा के मैसूर क्लस्टर के नेताओं के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज सुबह शाह मैसूरु पहुंचे।

- **लोकसभा चुनाव की रणनीति के संबंध में भाजपा एवं जनता दल (एस) के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे।**

गौरतलब है कि, पिछले आम चुनावों में भाजपा ने राज्य की कुल 28 लोकसभा सीटों में से 26 पर जीत हासिल की थी, जिसमें मांड्या से पार्टी

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## पाकिस्तान में कोई नहीं जानता किसकी होगी नई सरकार

### खंडित जनादेश के बाद सभी दलों ने गठबंधन बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं

- **कुल 265 सीटों पर चुनाव हुआ था तथा 264 के नतीजे घोषित हुए हैं। इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीके इंसाफ के समर्थन से 101 निर्दलीय जीते हैं, पर, तकनीकी रूप से 75 सीट जीत कर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।**
- **दूसरे स्थान पर भूट्टो परिवार की पार्टी, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी है जिसने 54 सीटें जीती हैं। तीसरे स्थान पर है एम.क्यू.एम.पी. जिसने 17 सीटें जीती हैं।**
- **नवाज़ की पार्टी, जिसे सेना का समर्थन प्राप्त है, सभी दलों व निर्दलीयों के साथ वार्ता कर रही है ताकि इमरान की पार्टी को सत्ता में आने से रोका जा सके।**

इस्लामाबाद, 11 फरवरी। पाकिस्तान के आम चुनाव में खंडित जनादेश सामने आने के बाद राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने रविवार को आम चुनाव के अंतिम परिणाम घोषित किए, जिसमें जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) 75 सीट जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 54 सीट मिलीं हैं, जबकि विभाजन के दौरान भारत से आए उर्दू भाषी लोगों की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) को 17 सीट मिली हैं। बाकी 12 सीटों पर अन्य छोटे दलों ने जीत हासिल की है।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने, जिन 265 सीटों पर चुनाव हुआ था उनमें से 264 सीटों के नतीजे घोषित कर दिए हैं। चुनाव नतीजों की घोषणा में असामान्य देरी के कारण कई दलों ने देश भर में हंगामा और विरोध-प्रदर्शन किया। पंजाब प्रांत के खुशाब में एनए-88 सीट का परिणाम चुनाव आयोग ने धोखाधड़ी की शिकायतों के कारण रोक दिया था और पीड़ितों की शिकायतों के निवारण के बाद इसकी घोषणा की जाएगी।

एक उम्मीदवार की मृत्यु के बाद एक सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था। निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में 101 सीटें हासिल कीं हैं। इनमें से ज्यादातर खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित थे। सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को 133 सीटों की जरूरत होगी। नवाज शरीफ ने शनिवार को पाकिस्तान को मौजूदा कठिनाइयों से बाहर निकालने के लिए गठबंधन सरकार बनाने का आव्हान किया। माना जाता है कि शरीफ को देश की शक्तिशाली सेना का समर्थन प्राप्त है।

पीएमएल-एन प्रमुख शरीफ ने अपने छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अन्य दलों से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा है, जिन्होंने पीपीपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की है। एमक्यूएम-पी का एक प्रतिनिधिमंडल लाहौर में है और उसने शहबाज के साथ बैठक की। एमक्यूएम प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ.खालिद मकबूल सिद्दीकी कर रहे हैं। बैठक में शहबाज शरीफ, मरियम नवाज और पार्टी के अन्य नेता भी भाग ले रहे हैं।

शहबाज ने कहा, ‘‘बैठक में सरकार गठन को लेकर चर्चा होगी।’’ एमक्यूएम-पी नेता हैदर रिजवी ने एक साक्षात्कार में ‘जियो न्यूज’ को बताया है कि उनकी पार्टी पीएमएल-एन के साथ अधिक सहज होगी क्योंकि पीपीपी या अन्य पार्टियों के विपरीत ‘‘दोनों पार्टियों ने कराची में प्रतिस्पर्धा नहीं की है।’’

इस बीच, ‘पीटीआई’ नेता गौहर खान ने भी दावा किया कि उनकी पार्टी सरकार बनाएगी। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह संभव नहीं है।

‘एक्सप्रेस ट्रिब्यून’ ने ‘पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ लेजिस्लेटिव डेवलपमेंट एंड ट्रांसपेरेंसी’ (पीआईएलडीएटी) के प्रमुख अहमद बिलाल महबूब के हवाले से अपनी खबर में कहा कि ‘पीटीआई’ जाहिर तौर पर पीएमएल-एन या अन्य प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन किए बिना सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है।

# श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी बस बेकाबू होकर पलटी, 21 घायल

## स्टीयरिंग फेल होने के बाद सामने बोलेरो गाड़ी आने से बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई

- खाटू श्यामजी व सालासर बालाजी के दर्शन कर दिल्ली जा रहे थे श्रद्धालु
- दिल्ली के रोहिणी इलाके से श्रद्धालुओं की एक बस देव दर्शन के लिए आई थी

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर की बाईपास रोड पर अल सुबह साढ़े तीन बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी लग्जरी बस झुंझुनूं-चिड़ावा बाईपास पर मंड्रेला चौराहे के पास बेकाबू हो कर पलट गई। बस पलटते ही श्रद्धालुओं की चीख-पुकार गूंजने लगी। आसपास के लोगों के देखा तो पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और चिड़ावा के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार के बाद गंभीर घायलों को झुंझुनूं रेफर किया गया, लेकिन परिजन कुछ घायलों को पर्सनल वाहनों और एंबुलेंस में हिसार ले गए। वहीं एक निजी बस से अन्य घायलों को दिल्ली रवाना किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के रोहिणी इलाके से श्रद्धालुओं की एक बस देव दर्शन के लिए निकली थी। सभी पहले खाटूश्याम जी गए। वहां से सालासर आए और आखिर में चूड़ी धाम में दर्शन के बाद सभी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले ही चिड़ावा बाईपास पर हादसा हो गया।

**स्टेयरिंग हुआ फेल:-** गाड़ी स्पीड में थी। लेकिन अचानक स्टेयरिंग फेल होने के बाद सामने अचानक बोलेरो गाड़ी आने पर उसे बचाने के चक्कर में बस डिवायडर पर चढ़कर पलट गई।

**आठ घायल हिसार और बाकी दिल्ली रैफर:-** घायलों को चिड़ावा के उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर नरेंद्र तेतरवाल के नेतृत्व में नर्स कविता, इंद्रावती, राधा और वार्डबॉय कर्मवीर श्योराण ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जिसके बाद 21 में से 18 गंभीर घायलों को झुंझुनूं रैफर कर दिया। लेकिन घायलों के परिजन आठ बेहद गंभीर घायलों को हिसार रवाना कर दिया। वहीं अन्य घायलों को एक निजी बस से दिल्ली के रोहिणी के लिए रवाना किया गया। हादसे में एक महिला की हालत चिंताजनक थी। 25 वर्षीय दिल्ली निवासी कोमल का एक हाथ बस के नीचे आने से कट कर अलग हो गया। उसे हिसार भेजा गया है। वहीं सात घायलों के सिर और हाथ, पैर में गंभीर चोट है। इन्हें भी हिसार भेजा गया है।

चिड़ावा सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही वे जाब्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी को चिड़ावा से रवाना कर दिया गया है।

# जेल प्रहरी ने रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मारी, मौत

- पुलिस ने कहा कि यह आत्महत्या है या फिर दुर्घटना, इसकी जांच की जा रही है



मृतक का फाइल फोटो।

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर स्थित जिला जेल में कोत (हथियार खाना) के मुख्य प्रभारी ने रविवार सुबह 10:30 बजे रिवॉल्वर से सिर में गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह आत्महत्या है या फिर दुर्घटना, इसकी जांच की जा रही है। कोतवाली थाना एसएचओ राममनोहर ठोलिया ने बताया कि सूचना मिली कि मंडावा रोड स्थित जिला जेल में मुख्य जेल प्रहरी 45 वर्षीय मुख्य जेल प्रहरी कृष्ण कुमार ने खुद को गोली मार ली। मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। कृष्ण कुमार जेल के हथियार खाने में मृत पड़ा था। हाथ में 455 बोर पिस्टल थी। सिर में छेद था, काफी ब्लड बहा था, पिस्टल लोडेड थी इसमें से सिर्फ 1 गोली निकली थी, जिससे कृष्ण की मौत हुई।

पिस्टल में पांच राउंड भरे और एक खाली था। शव को बीडीके हॉस्पिटल लाया गया। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। किन हालात में मौत हुई और आत्महत्या का कारण क्या रहा, इसकी जांच करेंगे। जानकारी के मुताबिक कृष्ण कुमार जेल परिसर के क्वार्टर में रहते थे। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक उनकी ड्यूटी थी। रविवार को सुबह 10 बजे वे ड्यूटी पर आए। ड्यूटी पर आने के बाद मुख्य दरवाजे पर कुछ देर काम किया। इसके बाद रजिस्टर रखने के लिए जेल में स्थित हथियार खाने में चले गए। हथियार खाने के बाहर दो सिपाही थे। सुबह करीब 10:30 बजे हथियार खाने से गोली चलने की आवाज आई। हथियार खाने के बाहर मौजूद दोनों जवान अंदर गए तो फर्श पर कृष्ण कुमार पड़े थे। सिर में गोली लगी थी, खून बिखरा था।

झुंझुनूं जेल डीएसपी प्रमोद सिंह ने बताया कि कृष्ण कुमार जिला जेल में अक्टूबर 2021 से पोस्टेड थे। उनके पास हथियार खाने का अतिरिक्त चार्ज था। वे कोत प्रभारी थे। प्रभारी होने के कारण वे हथियार खाने में आते-जाते रहते थे। हथियार खाने के पास मौजूद दो जवानों ने बताया कि कृष्ण को गोली लगी है। कृष्ण मानसिक तौर पर स्वस्थ थे। वे बखूबी ड्यूटी कर रहे थे। न उन्हें कोई शिकायत थी और न उनके खिलाफ किसी तरह की शिकायत थी। हो सकता है कि हादसे के कारण उनकी मौत हुई हो, यह जांच का विषय है। हां, कुछ दिन पहले वे बीमार हुए थे, लेकिन यह भी सामान्य था। उन्होंने कहा कि जेल में एक हथियारखाना आपात हालात से निपटने के लिए होता है। सारे हथियार यहां सुरक्षित रखे होते हैं। पिस्टल, रिवॉल्वर, राइफल सब यहीं होते हैं। जेल में आरएसी वाले ही ड्यूटी करते हैं।

कृष्ण कुमार झुंझुनूं जिले की अलसीसर तहसील के जवाहरपुरा गांव के रहने वाले थे। वे 2003 बैच के कॉन्स्टेबल रहे। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 24 और छोटा 20 साल का है। दोनों कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। कृष्ण कुमार का परिवार गांव में रहता है। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे। जानकारी के मुताबिक रविवार को भी ड्यूटी पर आने से पहले वे अपनी पत्नी से फोन पर बातचीत कर रहे थे। पत्नी को फोन पर ड्यूटी पर जाने की बोलकर ही अपने क्वार्टर से निकले थे।

# ट्रेलर चालक द्वारा गबन किया गया 3.68 करोड़ रुपये का कॉपर वायर सहित ट्रेलर जब्त

- वाहन चालक कॉपर वायर लेकर उत्तराखंड रुडकी के लिए रवाना हुआ था
- माल लेकर उत्तराखंड रुडकी नहीं पहुँचा व मोबाइल बंद कर लिया था



भाबरु थाना पुलिस ने 40.842 टन कॉपर वायर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**पावटा, (निसं)।** भाबरु थाना पुलिस ने ट्रेलर चालक द्वारा गबन किया गया 400 क्विंटल कॉपर वायर सहित ट्रेलर जब्त किया है। पुलिस ने 40.842 टन कॉपर वायर जिसकी बाजार कीमत 3 करोड़ 68 लाख रुपये बताई है।

जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा संपति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने व त्वरित कार्यवाही करने के आदेशों की पालना में भाबरू पुलिस थाने में दर्ज प्रकरण में आरोपी चालक लालाराम द्वारा गबन किया हुआ 400 क्विंटल कॉपर वायर सहित ट्रेलर को बरामद करने के निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में भाबरु थाना प्रभारी मनोहर लाल के नेतृत्व में गठित पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी का पीछा करते हुए लालाराम को गिरफ्तार किया। वहीं 400 क्विंटल कॉपर वायर सहित ट्रेलर व घटना में प्रयुक्त अन्य दूसरा ट्रेलर भी जप्त किया गया। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला ने बताया कि परिवादी ने भाबरु थाने में मामला दर्ज करवाया था कि वाहन चालक लालाराम जाट 40.842 टन कॉपर वायर जिसकी बाजार कीमत 3 करोड़ 68 लाख है लेकर उत्तराखंड रुडकी के लिए रवाना हुआ था जोकि माल लेकर उत्तराखंड रुडकी नहीं पहुँचा व मोबाइल भी बंद कर लिया व माल को खुर्द-बुर्द कर दिया। इस पर दर्ज मामले को लेकर अनुसंधान करते हुए साइबर सेल की मदद से व तकनीकी सहायता से सीसीटीवी फुटेजो के आधार पर आरोपी का पीछा करते हुए आरोपी लालाराम पुत्र ब्रह्मराम 34 साल निवासी थाना बुबकिया भिनाय जिला केकडी को माल सहित गिरफ्तार किया है।

# उदयपुर में पांच करोना संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** करोना संक्रमण उदयपुर जिले का पीछा छोड़ ही नहीं रहा है लगातार प्रतिदिन जिले कोरोना संक्रमितो की संख्या में वृद्धि हो रही है, रविवार को भी कोविड के 59 सैम्पल लेकर जांच की गई जिसमें 5 पॉज़िटिव मिले जिन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। जिले में अब 27 करोना संक्रमित होम आइसोलेशन में है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि रविवार कोविड के 59 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 54 नेगेटिव एवं पांच पॉज़िटिव पाये गये। इनमें तीन शहरी क्षेत्र व दो पोजिटिव गिर्वा क्षेत्र में डाकन कोटड़ा और मनवाखेडा क्षेत्र के है। डॉ.बामनिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में पॉजिटिव आये रोगी गायत्री नगर सेक्टर 5, मीरा नगर भुवाना और कृष्णा विहार सेक्टर 4 क्षेत्र से है।

# तबादलों से पहले तैयार हो रहा शिक्षा अधिकारियों-कार्मिकों का लेखा-जोखा

- शिक्षा मंत्री ने शिक्षा निदेशालय बीकानेर से प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों के पदस्थापन संबंधी जानकारी मांगी है

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में शिक्षा महकमे के अलावा अन्य विभागों में तबादलों से प्रतिबंध हटा दिया गया है। बोर्ड परीक्षाओं का हवाला देकर शिक्षा विभाग में स्थानांतरण पर फिलहाल रोक जारी रहेगी। इस बीच शिक्षा मंत्री शिक्षकों और विभाग के अन्य कार्मिकों के तबादलों से पहले उनका लेखा-जोखा तैयार करवा रहे हैं। मंत्री ने शिक्षा निदेशालय बीकानेर से प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों के पदस्थापन संबंधी पूरी जानकारी मांगी है। किन शिक्षकों पर पांच साल मेहरबानी रही और कौन हाशिये पर रहा, इस संबंध में आठ बिंदुओं में जानकारी जुटाई जा रही है। एपीओ और प्रतिनियुक्ति पर चल रहे अधिकारियों-कर्मचारियों के बारे में भी सूचना चाही गई है। निदेशालय के अनुभाग अधिकारी एवं कार्मिक सूचना एकत्रित करने के काम में जुट गए हैं। कांग्रेस सरकार के दौरान एक ही जगह जमे रहे शिक्षकों और पद विरुद्ध लगे कार्मिकों पर विशेष जानकारी मांगी गई है। प्रदेश के सभी संयुक्त निदेशकों को पत्र भेजकर तत्काल जानकारी भेजने को कहा गया है। इस पत्र के आने के बाद सभी संभाग संयुक्त निदेशक फाइलों को खंगालने में जुट गए हैं। आठ बिन्दुओं में मांगी गई सूचना में वरिष्ठ अध्यापक एवं समकक्ष, माध्यमिक शिक्षा के तृतीय श्रेणी अध्यापक एवं समकक्ष पदों की जानकारी मांगी गई है। साथ ही एपीओ तथा पद विरुद्ध लगे कर्मचारियों की सूचना भी तैयार की जा रही है।

**इन 8 बिंदुओं की मांगी सूचना :-** जहां एक पद पर एक से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी लगे हुए हैं। जिन विद्यालयों में पांच से कम उर्दू के विद्यार्थी हैं तथा उर्दू विषय के अध्यापक का पद स्वीकृत है। वर्तमान सरकार से पूर्व कौन-कौन अधिकारी एवं कर्मचारी एपीओ है तथा कितने पद विरुद्ध लगे हुए हैं। गत पांच साल में कितने अधिकारी तथा कर्मचारी कितने समय तक एपीओ रहे।कितने अधिकारियों-कर्मचारियों को एक से ज्यादा पदों का कब-कब कार्यभार दिया गया। पिछले पांच सालों में किस-किस अधिकारी एवं कर्मचारी का दो बार से ज्यादा कब-कब स्थानांतरण किया गया और कहां-कहां किया गया। वर्तमान या पिछले पांच सालों में शिक्षक एवं मंत्रालयिक कर्मचारी मूल स्थान पर जहां वह पदस्थापित हैं, इसके अतिरिक्त कहां-कहां मौखिक एवं लिखित आदेश पर कार्यरत रहे। साथ ही किसके आदेश पर कार्यरत रहे। विभाग में कौन-कौन से अधिकारी एवं कर्मचारी अन्य विभागों में कब से प्रतिनियुक्ति पर हैं। कौन-कौन अधिकारी एवं कार्मिक अन्य विभागों से शिक्षा विभाग में कब से प्रतिनियुक्ति पर हैं ।शिक्षा विभाग में गत पांच सालों में सेवानिवृत्ति के बाद कौन-कौन से अधिकारियों तथा कर्मचारियों को दुबारा में सेवा में रखा गया है।

आशीष मोदी, शिक्षा निदेशक का कहना है कि शिक्षा मंत्री ने जो सूचना मांगी है, वह जुटाई जा रही हैं। इसके लिए संबंधित अनुभाग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सूचना तत्काल एकत्रित कर भेजने को कहा गया है।

# महिला के शव को बोरवेल से निकालने के लिए रेस्क्यू जारी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी जिले के बामनवास तहसील के रामनगर ढोसी में छठे दिन भी बोरवेल में गिरी महिला के शव को नहीं निकाला जा सका है। पिछले 5 दिनों से रेस्क्यू में जुटी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को बडी चुनौतियों का सामना करना पड रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दो प्रयास विफल होने के बाद तीसरे प्रयास के लिए अजमेर से पायनियर मशीन मंगवाई गई थी। इस मशीन ने जैसे ही मेन बोरवेल के समानांतर 3 फीट चौडा और 100 फीट गहरा बोरवेल शनिवार खोदना शुरू किया तो प्रेशर से तीन बार पाइप फट गए। अब टीम ने 100 फीट की गहराई में जाकर सुरंग बनाना शुरू कर दिया है, लेकिन अभी भी ऑपरेशन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिस बोरवेल में महिला गिरी उससे 5 फीट और 8 इंच की दूरी पर उसके समानांतर 100 फीट गहरा बोरवेल पायनियर मशीन से खोदा गया।

पायनियर मशीन ने शुक्रवार शाम को ही काम शुरू कर दिया था। शुरुआत में तो केवल दो घंटे में ही 50 फीट से ज्यादा की खुदाई कर ली गई थी। क्योंकि तब तक मिट्टी रेतीली थी। इसके बाद चिकनी मिट्टी निकलनी शुरू हो गई, जो ड्रिल मशीन पर चिपक रही थी, इसलिए रेस्क्यू की रफ्तार कम हो गई। शनिवार को करीब सौ फीट तक खुदाई पूरी कर ली गई थी। इसके बाद बोरवेल में लोहे के पाइप डालने का काम शुरू हुआ, क्योंकि मिट्टी धंसने का डर था। ऐसा लग रहा था कि शनिवार को ही महिला के शव को बाहर निकाल लिया जाएगा। लेकिन यहां पाइपों की वेल्डिंग छूटने लगी।

लोहे के पाइपों को आपस में वेल्डिंग किया जा रहा था। तब उन्हें अंदर बोरवेल में डाला गया। तभी एक पाइप की वेल्डिंग छूट गई। क्योंकि लोहे के पाइपों में काफी वजन था। इसके बाद वापस से उन पाइपों को बाहर निकालकर वेल्डिंग कर अंदर डाला गया। ऐसे में डबल समय लग गया। ड्रिल करने पर लाइन कुछ टेडी भी पड़ चुकी थी। जब पाइपों को अंदर डालने का काम शुरू हुआ तो मशीन के प्रेशर पाइप फट गया था। उसे रिपेयर कर दोबारा काम शुरू किया, लेकिन फिर से वह प्रेशर नहीं झेल पाया और पाइप फिर से फट गया। तीसरी बार रिपेयर कर पाइपों को अंदर डाला गया है। अंदर सबसे पहले एक ऐसा पाइप डाला गया था, जिसे एक तरफ से चार फीट की चौड़ाई पर काटा गया है। इसी होल से खुदाई कर मेन बोरवेल तक गहराई में सुरंग बनाई जा रही है, जोकि काफी बड़ा चैलेंज है।

जिस बोरवेल में महिला गिरी थी वहां तक पहुंचने के लिए उस गहराई से एक सुरंग खोदी जा रही है। पहले तो ऐसा लग रहा था कि शनिवार शाम को ही शव को बाहर निकाल लिया जाएगा। लेकिन गहराई में मिट्टी काफी ठोस थी। मोनिका मंगलवार शाम को बोरवेल में गिर गई थी। हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं है कि ये हादसा है या फिर उसे आत्महत्या की है। रातभर उसे परिजन तलाश कर रहे थे। मंगलवार को ही उसका पति सुरेश दिल्ली से आया था।

# वायुशक्ति प्रदर्शन की तैयारियां शुरू

**जैसलमेर, (निसं)।** भारतीय वायुसेना के सबसे बड़े एयर शो वायुशक्ति-2024 की तैयारियां चांदन फील्ड फायरिंग रेंज में जोरों से हो रही है। कस्बे से चांदन फील्ड फायरिंग रेंज जाने वाली रोड की सफाई की जा चुकी है। रैंज रोड के प्रवेश पर विशाल तोरण द्वार से प्रवेश को भव्यता प्रदान की जा रही है। जिला प्रशासन और वायुसेना के अधिकारी तैयारियो को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिदिन आ रहे है।

17 फरवरी को होने वाले इस बड़े आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, रक्षामंत्री सहित उच्च पदाधिकारी, राजनेता उपस्थित रहेंगे। भारतीय वायुसेना की वेबसाईट के अनुसार वायुशक्ति 2024 में राफेल, मिग, मिराज, स्वदेशी लाइट एयर क्राफ्ट तेजस सहित विभिन्न विमान अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन को लेकर जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है।

# अश्लील क्लिप बनाकर युवक को ब्लैकमेल किया

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में एक युवक की अश्लील क्लिप बनाकर आरोपी द्वारा उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। युवक द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील क्लिप को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी है। पीडिता पिता ने पुलिस में आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दी है। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि ब्लैकमेलिंग के चलते युवक काफी दिनों से डिप्रेशन का शिकार है। पिता ने क्रिश्चियनगंज थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित युवक के पिता ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि एक महिला व उसके तीन साथियों ने उसके 30 साल के बेटे की अश्लील फोटो ली और फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठ लिए। अब भी लगातार पैसों की मांग कर धमकी दे रहे हैं। गत जुलाई माह में महिला व उसके साथी बेटे से जान पहचान कर निराला हाथीखेड़ा रोड अजमेर फ्लेट में ले गए। वहां जाकर पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके कपड़े उतार कर अर्धनग्न कर दिया और अश्लील फोटो ली। इसके 10 से 12 दिन बाद बेटे के मोबाइल पर फोटो भेजे और कहा कि अगर हमें पैसे नहीं दिए तो हम ये फोटो सभी जगह वायरल कर देंगे।

जिससे कि तुम व तुम्हारे परिवार वालों का जीना दुश्वार कर देंगे। परेशान कर 20 से 25 हजार रुपए ले लिए। बेटे पर दबाव व धमकियां देकर एक इंस्टाग्राम की आईडी भी बनाई। इस आईडी का उपयोग आज दिनांक तक ब्लैकमेल किया जा रहा है। ब्लेकमेलिंग व धमकियों से परेशान होकर बेटा मानसिक तनाव व डिप्रेशन का शिकार हो गया है। उसका इलाज जोधपुर व पाली अस्पताल में चल रहा है। क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई जगमाल दाहिमा को सौंपी है।

# भगवान बुद्ध की प्रतिमा खंडित की

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** गांव ढिंढोरा स्थित एक मूर्ति और तीन मूर्ति के बीच नव स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा असामाजिक तत्वों ने तोड़ दी। मामले में दलित समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। वहीं सूरौठ तहसीलदार गजानंद मीना, थाना प्रभारी पंजाब सिंह, नई मंडी थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 3 घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

# नवजात का भ्रूण मिला

**अजमेर, (कासं)।** जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के गांव हाथीपट्टा के तालाब की पाल पर रविवार को एक नवजात शिशु का भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। किसान ने मृत नवजात शिशु देखकर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। आसपास में जानकारी जुटाई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस में मामले की जांच जुट गई। हाथीपट्टा निवासी सायर सिंह पुत्र हजारी रावत ने बताया कि वह रविवार सुबह घर से तालाब की ओर जा रहा था तो बनेवडी रोड पार कर तालाब की पाल पर पहुंचा, जहां कचरे में एक नवजात भ्रूण बालक का शव मृत अवस्था में मिला। जिस पर ग्रामीणों को मौके पर बुलाया गया एवं पुलिस को सूचना दी। आस पास में राहगीरों से पूछताछ कर पता करने का प्रयास किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस भी पहुंची और देखने पर नवजात भ्रूण की उम्र करीब 7-8 माह का लग रहा है।

# शिक्षकों के डेपुटेशन निरस्त करने के आदेश जारी

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेश में सबसे ज्यादा कार्मिकों वाले शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) लाइलाज होकर जड़े जमा चुकी हैं। सरकारें बदलती रहती है, डेपुटेशन निरस्त के आदेश भी आते-जाते रहते हैं, लेकिन इस बहाने मौज उड़ाने वाली हजारों शिक्षकों की फौज का कुछ नहीं बिगड़ता। कई तो एसडीएम कार्यालय से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक में लिपिक बने बैठे हैं।

डार्क जोन के दस जिलों में तो दस फीसदी शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर सैकड़ों किलोमीटर दूर दूसरे जिले में कार्यरत हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक ने बाकायदा प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत 300 शिक्षकों की सूची के साथ डेपुटेशन निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश से हकीकत सामने आई कि सात-आठ साल से शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर मौज कर रहे थे। जबकि प्रतिनियुक्ति की अधिकतम सीमा ही पांच साल है। अभी प्रारंभिक शिक्षा में इस खेल से पर्दा उठना शेष है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने प्रतिनियुक्त निरस्त के आदेश तो जारी किए लेकिन ऐसे शिक्षकों के नाम और स्थान सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। सूत्र बताते हैं कि माध्यमिक से कई गुणा ज्यादा करीब दस हजार शिक्षक प्रारंभिक में प्रतिनियुक्ति वाले हैं। निदेशालय के एक वरिष्ठ कार्मिक ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा में हर जिले में न्यूनतम 200 शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर है।

अभी केवल माध्यमिक शिक्षा के ही डेपुटेशन पर से पर्दा हटा है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने सभी प्रतिनियुक्त कार्मिकों के एक ही ऑर्डर से माध्यमिक की तर्ज पर सूची संलग्न कर डेपुटेशन निरस्त नहीं किए हैं। प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने यहां डेपुटेशन निरस्त कर 12 फरवरी तक मूल पदस्थापन के लिए रिलीव करने के आदेश दिए हैं।

# "देवलिया कलां फेस्टिवल" में राजस्थानी संस्कृति से सरोबार हुए हजारों ग्रामीण




कार्यक्रम में कलाकारों ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

**बान्दनवाड़ा, (निसं.)।** उपखण्ड भिनाय के देवलिया कलां ग्राम में फोकस भारत मीडिया और फोकस फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने तथा राजस्थान की कला साहित्य-संस्कृति के समागम और ग्रामीण विकास के दृष्टिगत देवलिया कलां फेस्टिवल-2024 का बेहतरीन आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम स्वराज आत्मनिर्भर गांव आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सार्थक बनाने की दिशा में फोकस भारत मीडिया और फोकस फाउंडेशन की ओर से आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से करीब पांच हजार ग्रामीण लोग उपस्थित रहे जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा देखने को मिली।

फोकस भारत की प्रधान संपादक और आयोजक कविता नरुका ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के सपने के अनुरुप आत्मनिर्भर गांव आत्मनिर्भर भारत को सार्थक बनाने की दिशा में ये एक छोटा सा कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बहुत कुछ कर सकती है यही दिखाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जब हम आईना देखें तो हमारी नजरें नहीं झुकनी चाहिए। यही सोच रखकर महिलाएं और बालिकायें आगे बढ़ सकती है। दुनिया चाहे कुछ भी कहे हमें उस पर ध्यान नहीं देना चाहिए, लोगों का नजरिया बदलेगा। गांव का विकास हो। राजस्थान की कला, साहित्य व संस्कृति का प्रचार हो। एक दिन ऐसा होगा जब देवलिया कलां का नाम महिलाओं के सम्मान के मामले में देश में सबसे अव्वल नंबर पर लिया जाएगा यही मेरा लक्ष्य है। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष पटेल व कविता नरुका विशिष्ट अतिथि बादाम देवी वर्मा, सुमन किन्नर सहित एडवोकेट डॉ. मनोज आहूजा, राजेश मेहरा, ओमप्रकाश भट्ट, अशोक ठाकुर, देवेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्वललित कर कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की। सुदेश जांगिड़ की टीम के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करने के बाद देवरिया के गुर्जरों द्वारा अलगोजा की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। जिसके पश्चात् राजस्थानी संस्कृति व लोक देवता को समर्पित देवजी की फड़ का वाचन हुआ, सोशल मीडिया पर करोड़ों फॉलोअर्स को साथ लेकर चलने वाली झुंझनू की बाल कलाकार मानवी की डांस प्रस्तुति पर सभी दर्शक झूम उठे, चंदन और भीम ने अवध में राम आए हैं की बेहतरीन प्रस्तुति डफली बजाते हुए देकर राजस्थानी कला व संस्कृति को जीवंत रूप से दर्शन करवा दिए जिसकी सभी ने मंत्र मुग्ध होकर सराहना की गई।

समाजसेवा के क्षेत्र में अव्वल नंबर पर याद रखने वाली समाजसेविका सुमन किन्नर द्वारा कस्तूरबा बालिका छात्रावास को फ्रिज भेंट कर क्षेत्र की जनता जनार्दन को प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उदाहरण दिया तो वहीं अपने सम्बोधन में अनाथ व अक्षम बालिका की शादी का खर्चा उठाने की घोषणा करने से पांडाल में मौजूद हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने तालियां बजाकर अभिनन्दन किया। इसी बीच कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि बादाम देवी वर्मा ने सम्बोधन करते हुए फोकस भारत का विजन बताते हुए आयोजक कविता नरुका द्वारा किये गए कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसी बीच कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को देवलिया कला अवार्ड से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षक पदमश्री अवार्ड से सम्मानित गुलाबो की पुत्री द्वारा निम्बूड़ा निम्बूड़ा डांस प्रस्तुत कर सबको नाचने पर मजबूर कर दिया तो वहीं कार्यक्रम के अंत में गुलाबो ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी इसके अलावा भी कार्यक्रम में अलगोचा कलाकार, मांगणियार कलाकार, कत्थक नृत्य जैसी लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देखने को मिली।

देवलिया कलां फेस्टिवल में खास बात ये देखने को भी मिली कि, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने के लिए गांव में होम स्टे देखने को मिला जिसमें ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और ग्रामीण-शहरी संस्कृति का आदान-प्रदान भी होगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क सिलाई मशीन दी गई तो हस्तशिल्प मेले का भी आयोजन किया हुआ। छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षण सामाग्री वितरित की गई। ग्रामीण महिलाओं द्वारा सामूहिक लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। निशुल्क हेल्थ केम्प लगाया गया।राजस्थान और केन्द्र सरकार की योजनाओं की स्टॉल लगाई गई इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को देवलिया कलां अवॉर्ड से नवाजा गया।




खेलो इंडिया, फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए और जागरूकता फैलाने की दिशा में उपयोगी है। स्वस्थ रहने के लिए खेलों में भाग लें और साथ ही साथ यह मनोरंजन का भी सशक्त माध्यम है। - अनुराग ठाकुर

खेल मंत्री, युवाओं को खेल का महत्व बताते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## टॉम एबेल



खचाखच भरे न्यूलैंड्स स्टेडियम पर पहले सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कप्तान एडेन मार्कराम ने 26 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाये। वहीं प्लेयर आफ द मैच बने टॉम एबेल ने 34 गेंद में 55 रन का योगदान दिया जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। ट्रिस्टान स्टब्स ने 56 रन बनाये जिन्होंने 30 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाये। डरबन के लिये कप्तान और बायें हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये लेकिन उनके अलावा बाकी गेंदबाज विकेटों के लिये तरसते रहे।

क्या आप जानते हैं ?... सबसे कम टेस्ट मैचों में 3000 रन बनाने और 350 विकेट लेने का रिकार्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान ने मात्र 79 टेस्टों में 3262 रन बनाए व 351 विकेट लिये।

# टीम इंडिया के हाथों से फिसली अंडर-19 वर्ल्ड कप ट्रॉफी

## चौथी बार चैम्पियन बना ऑस्ट्रेलिया



नई दिल्ली, 11 फरवरी। टीम इंडिया के हाथों से रविवार को आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 ट्रॉफी फिसल गई। भारत को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 79 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने बेनोनी के विलोमूर पार्क में 254 रन का टारगेट रखा, जिसके जवाब में भारतीय पारी 150 पर सिमट गई। आदर्श सिंह (47) और मुरुगन अभिषेक (42) को छोड़कर अन्य प्लेयर कंगारू गेंदबाजों का डटकर मुकाबला नहीं कर सके। मुशीर खान (22) बड़ी पारी नहीं खेल पाए। अर्शिन कुलकर्णी (3), कप्तान उदय सहारन (8), प्रियांशु मोलिया (9), सचिन धस (8) जैसे खिलाड़ी दहाई अंक में नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से महली बियर्डमैन और राफ मैकमिलन ने तीन-तीन विकेट लिए। कैलम विडलर ने दो विकेट हासिल किए।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतने के बाद निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 253 रन जुटाए। यहअंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर है।पिछला सर्वोच्च स्कोर 242/3 था, जो इंग्लैंड ने 1998 में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया।ऑस्ट्रेलिया के लिए हरजस सिंह ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने 64 गेंदों में 55 रन की पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और इतने ही छक्के ठोके। कप्तान ह्यू वेबजेन (48) और ओपनर हैरी डिक्सन (42) फिफ्टी से चूक गए। सैम कोन्स्टास का खाता नहीं खुला। रयान हिक्स ने 20, चार्ली एंडरसन ने 13 और राफ मैकमिलन ने दो रन का योगदान दिया।

ओलिवर पीक 46 और टॉम स्ट्राकर 8 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए राज लिंबानी ने तीन जबकि नमन तिवारी ने दो विकेट चटकाए। मुशीर खान और सौम्य पांडे ने एक-एक शिकार किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम चौथी बार चैंपियन बन गई है। भारत का छठा खिताब जीतने का सपना टूटा गया। भारतीय टीम हार की कगार पर है। भारत का नौवां विकेटमुरुगन अभिषेक के रूप में गिरा है, जिन्होंने 46 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। उन्होंने 5 चौके और एक छक्का जमाया। उन्होंने नमन (12 ) के साथ नौवें विकेट के लिए 46 रन की पार्टनरशिप की। मुरुगनअर्धशतक की ओर बढ़ रहे हैं। वह 41 गेंदों में 39 रन बना चुके हैं।नमन 18 गेंदों में 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत ने आठवां विकेट खो दिया है।राज लिंबानीकोमैकमिलनने 32वें ओवर में बोल्ड किया। वह 5 गेंद खेलने के बावजूद खाता नहीं खोल पाए।मुरुगन अभिषेक (22) और नमन तिवारी (2) क्रीज पर हैं। भारत को तगड़ा झटका लगा है। टिककर बैटिंग कर रहे ओपनर आदर्श सिंह आउट हो गए हैं।

उन्हें बियर्डमैन ने 31वें ओवर में रयान हिक्स के हाथों कैच कराया। आदर्श ने 77 गेंदों में 47 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और एक छक्का मारा। भारत का छठा विकेट गिर गया है।अरावेली अवनीश का खाता नहीं खुला। उन्हेंमैकमिलन ने 26वें ओवर में कॉट एंड बोल्ड किया। आदर्श 47 औरमुरुगन अभिषेक 10 के निजी स्कोर पर पहुंच गए हैं। भारत की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है।प्रियांशु मोलिया 21 गेंदों का सामना करना के बाद 9 रन ही बना पाए। उन्हेंएंडरसन ने 25वें ओवर में अपना शिकार बनाया। आदर्श 32 रन बनाकर टिके हैं। भारत ने चौथा विकेट गंवा दिया है। सचिन धस का भी बल्ला नहीं चला। उन्होंने 9 गेंदों में 8 रन बटोरे, जिसमें एक चौका शामिल है।

उन्हेंमैकमिलन ने 20वें ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। आदर्श 27 औरप्रियांशु मोलिया 1 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत को बड़ा झटका लगा है। कप्तान उदय सहारन पवेलियनलौट गए हैं। वह 18 गेंदों में 8 रन ही बना सके। उन्हेंबियर्डमैन ने 17वें ओवर मेंवेबजेन के हाथों कैच कराया। आदर्श 18 औरसचिन धस 1 के निजी स्कोर पर हैं। भारत ने दूसरा विकेट मुशीर खान के रूप में गंवाया है। मुशीर के बल्ले से 33 गेंदों में 22 रन निकले।

उन्होंने तीन चौके लगाए। उन्हेंमहली बियर्डमैन ने 13वें ओवर में बोल्ड किया। मुशीर और आदर्शी ने दूसरे विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की। आदर्श 17 और कप्तान उदय सहारन 5 रन बनाकर क्रीज पर हैं। पहले पावरप्ले में टीम इंडिया छाप नहीं छोड़ सकी। भारत ने शुरुआती 10 ओवर में एक विकेट खोकर 28 रन जोड़े। आदर्श 28 गेंदों में 10 जबकि मुशीर 27 गेंदों में 13 रन बनाकर टिके हैं।

भारत को पहला झटकाअर्शिन कुलकर्णी के रूप में लगा है। उन्होंने 6 गेंदों में 3 रन बनाए। उन्हेंविडलर ने तीसरे ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। आदर्श 5 और मुशीर खान 1 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारतीय पारी का आगाज हो गया है।आदर्श सिंह औरअर्शिन कुलकर्णी बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए पहला ओवर कैलम विडलर ने डाला, जो मेडन रहा। भारत को 254 रन का टारगेट मिला है। नमन ने 50वें ओवर में 8 रन दिए।ओलिवर पीक 43 गेंदों में 46 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया। टॉम स्ट्राकर ने नाबाद 8 रन जुटाए। ऑस्ट्रेलिया ने सातवां विकेट खो दिया है। लिंबानी ने 46वें ओवर मेंचार्ली एंडरसनको अपने जाल में फंसाया। एंडरसन ने 18 गेंदों में 13 रन बनाए। उन्होंने एक छक्का मारा। पीक और एंडरसन संभलकर बैटिंग कर रहे हैं। पीक 28 गेंदों में 24 जबकि एंडरसन 15 गेंदों में 5 रन जोड़कर टिके हैं।

# तेजस्विन शंकर ने बेल्जियम मीट में ऊंची कूद में जीत के साथ की शुरुआत

नई दिल्ली, 11 फरवरी। हेइस्ट-ऑप-डेन-बर्ग (बेल्जियम) 11 फरवरी। भारत के तेजस्विन शंकर ने इंटरनेशनल हाई जम्प गाला एल्मोस 2024 एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद प्रतियोगिता जीतकर शानदार अंदाज में सत्र की शुरुआत की।

पिछले वर्ष अक्टूबर के बाद तेजस्विन शंकर शनिवार को बेल्जियम के हेइस्ट-ऑप-डेन-बर्ग में पहली बार प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। 25 वर्षीय एथलीट ने विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर चैलेंजर प्रतियोगिता जीतने के लिए 2.23 मीटर की जम्प लगाई।

तेजस्विन ने 2018 में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। तेजस्विन इस प्रतियोगिता में ग्रीस के एंटोनियोस मेर्लोस और मेक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस से आगे थे। स्पोर्टहल डी लिचटेन में 2.20 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई थी। तेजस्विन शंकर 20 फरवरी को चेक रिपब्लिक के नेहविजडी में ेज्डी बनाम नेहविज्डेक एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इस वर्ष कई अन्य भारतीय एथलीटों ने भारत के बाहर प्रतिस्पर्धा की है।

डेकाथलॉन में एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए इस साल अपने फेवरेट इवेंट हाई जम्प पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पुरुषों ऊंची कूद के लिए पेरिस 2024 क्वालीफाइंग मानक 2.33 मीटर निर्धारित है। जेसी संदेश 2.09 मीटर की छलांग के साथ बेल्जियम मीट में 10वें स्थान पर रहे। यह इस वर्ष की उनकी दूसरी प्रतियोगिता है। पिछले सप्ताह संदेश ने जर्मनी के वेनहेम में बीकेके फ्रायंडेनबर्ग हाई जम्प में 2.10 मीटर की छलांग के साथ अपने सत्र की शुरुआत की थी और आठ प्रतियोगियों के बीच छठे स्थान पर रहे थे।

पेरिस ओलंपिक के लिए 20 किमी रेस वॉक क्वालीफाइंग मानक को पूरा कर चुकी प्रियंका गोस्वामी वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। जनवरी के आखिर में उन्होंने कैनबरा में सुपरनोवा इवेंट में महिलाओं की 10 किमी रेस वॉक में नौवें स्थान पर रहकर अपने सत्र की शुरुआत की थी। इस दौरान उन्होंने 46:22.26 का समय लिया था। रविवार को गोस्वामी ने एडिलेड में ओसियनियन और ऑस्ट्रेलियाई 20 किमी रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में 20 किमी रेस वॉक में भाग लिया लेकिन रेस पूरी करने में असफल रहे।

## टीम इंडिया में जगह ना मिलने पर उमेश यादव का क्रिप्टिक पोस्ट हुआ वायरल

नई दिल्ली, 11 फरवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने शनिवार 10 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज के बचे तीन मुकाबलों के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार परफॉर्म करने के बावजूद टीम में अपना नाम ना देखने के बाद तेज गेंदबाज उमेश यादव निराश नजर आए। उमेश ने अपनी यह निराशा इंस्टाग्राम स्टोरी पर एकक्रिप्टिक पोस्ट के जरिए जाहिर की। उमेश यादव ने भारत के लिए अपना आखिरी टेस्ट 7 जून 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह लगातार टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बचे तीन मुकाबलों के स्क्वॉड के ऐलान के बाद उमेश यादव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, किताबों पर धूल जमने से कहानियां खत्म नहीं होती है। उमेश यादव का यह पोस्ट बताता ही कि वह रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद लगाए बैठे थे। उमेश का परफॉर्मेंस भारतीय सरजमीं पर काफी असरदार रहा है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में खेले 4 मुकाबलों में अभी तक 19 विकेट चटकाए हैं। उमेश यादव ने भारत के लिए खेले 57 टेस्ट मैचों में30.95 की औसत के साथ 170 विकेट चटकाए हैं, वहीं इनमें से 101 विकेट उन्होंने भारतीय सरजमीं पर25.88 की औसत से चटकाए हैं।

# इंग्लैंड की टीम को लगा झटका

## स्पिनर जैक लीच बचे हुए तीन टेस्ट से बाहर



लंदन, 11 फरवरी। इंग्लैंड के बायें हाथ के स्पिनर जैक लीच घुटने की चोट के कारण भारत के खिलाफ बचे हुए तीन टेस्ट मैच से बाहर हो गये। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने यह घोषणा की। लीच के स्थान पर किसी और खिलाड़ी को अभी शामिल नहीं किया गया है। इससे संकेत मिलता है कि टॉम हार्टले, रेहान अहमद और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी ही बचे हुए दौरे में जारी रहेगी। जो रूट इंग्लैंड के चौथे स्पिन विकल्प हैं। लीच को हैदराबाद में इंग्लैंड के पहले टेस्ट दौरान बायें पैर के घुटने में चोट लगी थी जिससे वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाये थे। ईसीबी ने एक मीडिया विज्ञिप्त में कहा, ''वह अगले 24 घंटे में अबुधाबी से घर के लिए रवाना होगा, जहां इंग्लैंड की टीम 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले रूकी हुई है। '' इसके अनुसार, ''लीच अपने 'रिहैबिलिटेशन' के लिए इंग्लैंड और समरसेट की चिकित्सा टीम के साथ काम करेंगे। '' 32 वर्षीय लीच के नाम 36 टेस्ट में 126 विकेट हैं और वह निचले क्रम में बल्लेबाजी भी कर लेते हैं।



# राजस्थान टूरिज्म को मिला सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को मुम्बई ओटीएम (आउटबाँड ट्रेवल मार्ट) के समापन और पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों,

- **राजस्थान अपने महलों, विरासत स्थलों, इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध : दीया कुमारी**
- **उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोले''**



**मुम्बई ओटीएम में राजस्थान टूरिज़्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिलने पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खुशी जताई।**

इंफ्रास्ट्रक्चर व इको-टूरिज्म आदि के लिए प्रसिद्ध है। ओटीएम में पर्यटन विभाग की भागीदारी ने राजस्थान में विदेशी पेशेवरों के लिए पर्यटन विकास के दरवाजे खोल दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ने मुम्बई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में कहा कि ओटीएम एशिया में अग्रणी ट्रैवल ट्रेड शो है। इसका आयोजन इस बार 8 से 10 फरवरी तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में किया गया है। राजस्थान पर्यटन को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा ।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पर्यटन ने कई शहरों में जी-20 बैठकों की मेजबानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उदयपुर, जोधपुर और जयपुर में राज्य की पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत के एमआईसीई हब के रूप में राजस्थान की छवि को और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि राजस्थान में पर्यटन और संबद्ध उद्योग और व्यापार राज्य की अर्थव्यवस्था का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है और रोजगार सृजन, क्षेत्रीय विकास, बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने आदि जैसे आर्थिक लाभ प्रदान करता है। 2022 में, राज्य ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटकों के लिए 7वां स्थान हासिल किया। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में राज्य में आने वाले आगंतुकों की संख्या काफी रही। 17.90 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की मेजबानी, साथ ही लगभग 17 लाख विदेशी आगंतुकों का आगमन, मेहमानों की विविध श्रृंखला को दर्शाता है।

ओटीएम में राजस्थान टूरिज्म को सर्वश्रेष्ठ डिजाइन और सजावट का पुरस्कार मिला। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने खुशी जताई। राजस्थान के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों और ट्रैवल एजेंट्स ने डिप्टी सीएम से मुलाकात की और राजस्थान पर्यटन के विकास में गहरी रुचि दिखाई। इस आयोजन में पूरे राजस्थान से ट्रैवल एजेंटों ने भाग लिया।

## नरसिंहराव व चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने पर जताई खुशी

**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य और विधि परामर्शी एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने किसान कल्याण को समर्पित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, देश की आर्थिक प्रगति में योगदान के लिये पूर्व प्रधानमंत्रीपी.वी. नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के रचनाकार कृषि वैज्ञानिक स्व.मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जोगाराम पटेल ने कहा कि ये एक ऐतिहासिक और गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पटेल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, योगदान, त्याग व निष्ठा से कार्य करने वालों को देश का सर्वोच्च पुरस्कार मिलता है। इन महापुरुषों का भारत के विकास में योगदान अविस्मरणीय है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पी.वी. नरसिम्हा राव का भारत की विदेश नीति, भाषा और शिक्षा क्षेत्रों में योगदान एक ऐसे नेता के रूप में उनकी बहुमुखी विरासत को रेखांकित करता है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित की




**एकात्म मानववाद के प्रबल समर्थक पं. दीनदयाल उपाध्याय की 56 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। पंडित दीनदयान उपाध्याय की जयंती के अवसर पर धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव रामनरेश तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चैधरी, पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव और मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत ने पुष्प अर्पित किये।**

# छह आई.एफ.एस. के तबादले

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार ने रविवार को एक आदेश जारी कर भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। वहीं 5 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इसके अलावा दो मंत्रियों के विशिष्ट सहायक भी बदले हैं।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार आईएफएस पवन कुमार उपाध्याय को प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक लगाया गया है। राजेश कुमार गुप्ता को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, बीजो जॉय को वन संरक्षक कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक जयपुर, संग्राम सिंह कटियार को उप वन संरक्षक जयपुर विकास प्राधिकरण (वन संरक्षक का प्रभार सहित), देवेंद्र प्रताप जागावत को उप वन संरक्षक जयपुर उत्तर और कस्तूरी प्रशांत सूले को उपवन संरक्षक सिरोही के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा आईएफएस अरिजीत बनर्जी, शिखा मेहरा, के.सी.ए. अरुण प्रसाद, राम करन खेरवा और सुनील को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

वहीं राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) अधिकारी राजेंद्र सिंह राठौड़ अब मंत्री बाबू खराडी के विशिष्ट सहायक होंगे। भगवती सिंह राठौड़ डिप्टी सीएम प्रेम चंद्र बैरवा के विशिष्ट सहायक होंगे।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में रविवार को केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक ने मुलाकात की। उन्होंने मिश्र से उनकी कुशलक्षेम पूछी। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।**

## देवनानी ने डॉक्टर हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार स्मृति स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देवनानी ने हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। वे दीक्षा भूमि भी गये। देवनानी ने हेडगेवार की जन्मस्थली पर पहुंचकर पवित्र स्थल के दर्शन किये। देवनानी ने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार के आदर्श अनुकरणीय है। उनके त्याग को राष्ट्र सदैव याद रखेगा।

देवनानी ने नागपुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के दीक्षा स्थल पर पहुंचकर उन्हें भी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। देवनानी ने कहा कि उन्हें नागपुर में पवित्र स्थानों पर आकर सुखद अनुभूति हुई है। देवनानी ने कहा कि डॉक्टर अंबेडकर हमारे प्रेरणा स्त्रोत है।

## सार-समाचार

### प्रथम बार सांचोर पहुंचे पाली आई.जी.

**सांचोर**, (निसं)। पाली रेंज के महानिरीक्षक ओमप्रकाश प्रथम बार सांचोर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीएलजी सदस्यों सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से संवाद किया। जिले के क्राइम को लेकर समस्याएं सामने रखी। जिला मुख्यालय पर पहली बार पहुँचने पर पुलिस के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद में एसपी सागर राणा के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। रेंज आईजी ने सीएलजी सदस्यों से क्राइम और पुलिस व्यवस्था को लेकर बात की। साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी कानून व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। जिले में बढ़ रही चोरी की वारदातें, स्मेक एमडी और शराब के अवैध कारोबार पर रोक लगाने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने संवाद के दौरान बताया कि सांचोर के प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कई बाहरी लोग निवास कर रहे हैं, ऐसे में उनका पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना जरूरी हैं। इसको लेकर आईजी ओमप्रकाश ने कहा कि यहां आने वाले बाहरी लोगो का वेरिफिकेशन किया जाता हैं, अगर किसी का नहीं है तो उनका भी पुलिस वेरिफिकेशन किया जाएगा। इस दौरान एसपी सागर राणा, एएसपी जस्साराम बोस, डीएसपी मांगीलाल राठौड, डीएसपी पुष्पेंद्र वर्मा, थानाधिकारी अरुण कुमार, व्यापार संघ के अध्यक्ष हरीश पुरोहित सहित बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

### रन फोर लीगल एंड मैराथन दौड़ हुई

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष्य में रविवार की सुबह मुख्य न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में रन फोर लीगल एड स्मॉल डिस्टेंस मेराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन का आयोजन उच्च न्यायालय परिसर, झालामंड से शुरू होकर शताब्दी सर्कल, झालामंड सर्कल से राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी तक किया गया । मैराथन का आग़ाज मुख्य न्यायाधिपति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बैलून उड़ाकर व हरि झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर न्यायाधिपति पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधिपति दिनेश मेहता, न्यायाधिपति मदन गोपाल व्यास, न्यायाधिपति अरुण मोंगा, न्यायाधिपति फरजंद अली, न्यायाधिपति कुलदीप माथुर, न्यायाधिपति रेखा बोराणा, न्यायाधिपति नुपुर भाटी, न्यायाधिपति योगेंद्र कुमार पुरोहित, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री की अधिकारी सहित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य न्यायिक अकादमी के अधिकारीगण व कर्मचारीगण, लॉयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद पुरोहित, एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्ना राम ठोलिया, वरिष्ठ अधिवक्ता व समस्त अधिवक्तागण उपस्थित थे। मैराथन के विजेता प्रथम अमन बिश्नोई, द्वितीय निमन्यु प्रशांत भारद्वाज, तृतीय नत्थूराम रहे।

### महिला मोर्चा ने सी.एम. का किया स्वागत

**जालोर**, (कासं)। महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भण्डारी के नेतृत्व में रविवार को सिरोही में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का दुपट्टा सोल और तस्वीर देखकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं का मान सम्मान दिया गया और कहा गया की 2024 में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव में परचम लहराना है और 400 के पार जाना है। आज संतों की तपोभूमि सिरोही में लोकसभा क्षेत्र की कार्यकता संवाद बैठक में सम्मलित होकर ऊर्जा से सुसज्जित पार्टी के निष्ठावान पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया व उनके साथ लोकसभा चुनाव की रणनीतियों व विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। संवाद कार्यक्रम में जालोर विधायक मुख्य संचेतक तक जोगेश्वर गर्ग , ओटाराम देवासी मंत्री , विधायक छगन सिंह ,विधायक समाराम गरासिया,जालौर जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव सिरोही जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी जालौर प्रभारी महेंद्र बोहरा, पूर्व विधायक पूरा राम चौधरी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू सोलंकी, सिरोही जिला अध्यक्ष अंशु वशिष्ठ, सहित महिलाएं मौजूद थी।

### सदस्यता अभियान पर चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। भारतीय किसान संघ जिला सिरोही की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक रविवार को सरेसी माताजी मंदिर रेवदर मे तहसील अध्यक्ष गणपतसिहजी देवडा डागराली की अध्यक्षता में तथा जिला अध्यक्ष मावारामजी चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में किसानों को भारतीय किसान संघ संगठन से जोडने के लिए सदस्यता अभियान शुरू है जिसका कार्य शुसारु है उसका लेखा जोखा पदाधिकारियों से लिया गया है। आगामी 15 फरवरी तक सदस्यता अभियान को पुर्ण करना है। अत: सभी पदाधिकारियों को तथा कार्यकर्ताओं को बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि जल्दी से जल्दी रसीद बुक कटवाकर हिसाब जिला अध्यक्ष एवम् मंत्री को सुपुर्द किया जावे।तथा तहसील अध्यक्ष एवं मंत्रीयो को निवेदन किया जाता है कि हिसाब रसीद बुक जमा करावे।हिसाब की राशि प्रान्त खाते में जमा करावे।जिसका हिसाब बैठक रजिस्टर में दर्ज किया जावे। बैंक खाता में जमा की गई राशि की स्लीप जिला मंत्री सिरोही नाथुराम लोहार को भेजी जावे।आज की बैठक में जिला सह युवा प्रमुख कानाराम चौधरी जालमपुरा,जिला पर्यावरण प्रमुख धनाराम लोहार खाण,जीवाराम घांची नागाणी,वेलाराम चौधरी पोसिन्तरा, जिला जैविक खेती प्रमुख केहराराम पुरोहित वासडा, रमेशभाई,त्रिकमभाई ने बैठक में भाग लिया।

### श्रीराम महिमा का हुआ बखान

**फालना**, (निसं)। खुडाला फालना के नोबल स्कूल में विख्यात कथा वाचक मोरारी बापू की टोली ने भगवान राम की महिमा का लंगा के माध्यम से उपस्थित कलाकारों ने श्रोताओं के बीच भक्तिमय माहौल बनाया। जिसमे मेरी झोपडी के भाग खुल जायेंगे, दीप जलाएंगे दिवाली मनाएंगे, ऐरी सखी मंगल गावो रे धरती अंबर सजोओ रे जैसे मनमोहक संगीत से कलाकार फकीरा और पार्टी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान विमलचंद राणावत, सुधा वर्मा, अनंतनारायण सिंह, नरेंद्र सुथार, अमित मेहता, बहादुरसिंह खालसा,आर्य मिहिर, भवानी सिंह आलावास,कुलदीप सिंह चारण, नरेंद्र सुथार,हरीश सुथार, राजीव अग्रवाल,अवधेशराज सिंह,हेमंत मूलचंदानी, करणसिंह राजपुरोहित,गिरीश अग्रवाल, उमेश शर्मा,अंकित राठौड, मोहित मेहता,धर्मवीर मेवाडा, बंशीलाल मालवीय,संगीता महावर, सुनीता चारण आदि मौजूद रहे।

### पं. दीनदयाल को श्रद्धांजलि दी

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य ससमिति सदस्य गणपत बांठिया ने एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता,भारतीय जनसंघ के संस्थापक,प्रखर राष्ट वादी तथा उत्कृष्ट संगठनकर्ता श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बांठिया ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय सन 1954 में जब वे बालोतरा दौरे पर आये थे तो उनके साथ जनसघ के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक स्व चम्पालाल जी बांठिया के साथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की थी।पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने गांव गरीबी के विकास एवं मुख्यधारा में लाने के लिए अन्त्योदय के विचार की प्रेरणा दी।उन्होंने ने कहा कि उपाध्याय जी का कहना था कि भारत की जडों से जुडी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जडों से कटकर विकास नहीं कर सका है।

### महोत्सव में लोक अदालत का प्रचार

**जालोर**, (कासं)। जिला स्टेडियम में आयोजित हो रहे जालोर महोत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्टॉल के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्टॉल के माध्यम से विधिक सेवा प्राधिकरण पीएलवी की ओर से 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आमजन में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। पीएलवी फारूख खान एवं पीराराम लोगों को जानकारी देकर लोक अदालत का फायदे बता रहे है। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का के पंपलेटटस वितरित किए जा रहे है। स्टॉल में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रदर्शनी लगाई गई है। महोत्सव में प्रतिदिन स्टॉल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### जोगाराम पटेल ने जन सुनवाई की

**जोधपुर**, (कासं) । संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही समग्र जन कल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन प्रयासों में कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। केबिनेट मंत्री ने यह बात रविवार को जोधपुर सर्किट हाऊस में जनसुनवाई के दौरान कही। कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है।

# जालोर महोत्सव एकता, राष्ट्र भक्ति, हास्य व्यंग्य के रंग में रंगा

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर महोत्सव-2024 के तहत दूसरे दिन रविवार को प्रात: 8 बजे हनुमानषाला स्कूल जालोर से रन फॉर जालोर दौड में जिले के युवाओं ने स्टेडियम ग्राउण्ड तक दौड़ लगाई।

रन फॉर जालोर को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मशाल दिखाकर रवाना किया। एचपीसीएल मित्तल द्वारा प्रदत्त टोपी व जालोर महोत्सव के टी-शर्ट पहनकर युवाओं ने हनुमानशाला स्कूल से स्टेडियम प्रांगण तक उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। विजेताओं को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर एचपीसीएल मित्तल कंपनी के पी.हजारिका, मुख्य समन्वयक एवं उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### युवाओं को दिया मार्गदर्शन

जालोर महोत्सव के दौरान रविवार को होटल विजय पैराडाइज में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

करियर गाइडेंस कार्यक्रम के दौरान प्रताप गौरव केन्द्र उदयपुर के निदेशक अनुराग सक्सेना ने सामाजिक उद्यमिता एवं रोजगार विषय पर संबोधन देते हुए कहा कि सामाजिक उद्यमी अपने जुनून और रचनात्मकता को अपने संगठन में ला सकता हैं साथ ही दूरगामी सामाजिक अंतर ला सकता है। सामाजिक उद्यमियों के पास यह अवसर कि वह अपने व्यावसायिक कौशल का अच्छे के लिए उपयोग करें और विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए नवोन्मेशी समाधान तलाशें। सामाजिक उद्यमी बनने के लिए युवाओं में सबसे जरूरी चीज उनके अंदर अपने उद्देश्य के लिए जुनून का होना है। उनमें बदलाव लाने की ज़िद होनी चाहिए।

### प्रिंट सहित मीडिया क्षेत्र की जानकारी दी

वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द चोटिया ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर अपने वक्तव्य में बताया कि समाज में बदलाव लाने के इच्छुक लोगों के लिए पत्रकारिता सबसे अच्छा विकल्प है। आप न सिर्फ अपने विचार को यहां अच्छे ढंग से रख सकते हैं बल्कि आप देश-दुनिया की समस्या को भी उजागर कर सकते हैं। इस तरह से आप राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र विकास में योगदान दे सकते हैं। प्रिंट मीडिया के जिस भी क्षेत्र में आप कैरियर बनाना चाहते हैं, उस भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

मास्टर अथर्वादित्य सिंह "आदि" चैनल मशहूर यूट्यूबर यूट्यूब स्टार्टअप विषय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करते हुए बताया कि यूट्यूब एक वीडियो साझा करने का प्लेटफ़ॉर्म है जिसमें आप अपनी क्षमताओं, रुचियों और दक्षताओं को प्रदर्शित कर सकते हैं। यदि आपके पास कुछ विशेष दक्षता या ज्ञान है जो लोगों को दिलचस्पी पैदा कर सकती है और आपको एक लार्ज ऑडियंस आकर्षित कर सकती है, तो आप यूट्यूब के माध्यम से अपना करियर बना सकते हैं।ग़ौरतलब है कि अथर्वादित्य के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक करोड़ से अधिक फ़ॉलोअर्स हैं। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक शांतिलाल दवे व संदीप जोशी ने किया।

इस दौरान समन्वयक डॉ.पवन ओझा सहित गणमान्य नागरिका और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### रामायण नृत्य नाटक किया

मीडिया प्रवक्ता सुदर्शन व्यास ने बताया कि शनिवार को लिटिल फ्लावर स्कूल के बच्चों द्वारा रामानंद सागर की रामायण पर कार्यक्रम प्रभारी दीप्ति सुंदेशा के निर्देशन में नृत्य नाटक की सुंदर प्रस्तुति दी गई।

### चित्रकला सहित कई प्रति. हुई

शनिवार को आयोजित चित्रकला सीनियर वर्ग में युवराज प्रथम, जा वी द्वितीय तथा गोविंद सुथार तृतीय रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियंका शर्मा, जगदीश चौहान व राजशेखर ने निर्णायक की भूमिका निभा ।

इसी प्रकार रविवार को आयोजित स्वस्थ एवं सुंदर शिशु में आफिया सैय्यद प्रथम, रुद्रांशी श्रीमाली द्वितीय एवं अनमोल गोस्वामी तृतीय रहे। डॉ. के.आर. मीणा, प्रवीण व डॉ. बाबूलाल ने निर्णायक की भूमिका निभा ।

चित्रकला सब जूनियर में नेहा सुथार प्रथम, चार्वी शाह द्वितीय एवम लक्षिता तृतीय स्थान प्राप्त किया। शशांक दवे, दयमंती और हिमांशी ने निर्णायक की भूमिका निभा ।

मेहंदी प्रतियोगिता में नीतू बोहरा प्रथम, दीप्ति पटेल द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रही है। शिखा भूतड़ा,रेखा सेन और लीला गोस्वामी ने निर्णायक की भूमिका निभा ।

एकल नृत्य जूनियर में चारवी शाह प्रथम, नव्या द्वितीय और रिदिमा दुआ तृतीय रहे। प्रीति अग्रवाल, पाणिनी सोलंकी और भावना शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभा ।

एकल नृत्य सीनियर में रावल सिंह प्रथम, सुंदर कुमारी द्वितीय और खेतपाल तृतीय स्थान पर रहे। आरती बारहट, यामिनी सोलंकी और वैधभावी जाधव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

बॉलीवुड नाईट अमित मिश्रा सहित आज कई कार्यक्रम

जालोर महोत्सव के मुख्य समन्वयक एवं उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी ने बताया कि जालोर महोत्सव के दौरान सोमवार को नटराज मंच पर प्रात: 10 बजे से फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, प्रात: 11 बजे जिला परिषद सभागार में युवा काव्य प्रतियोगिता, प्रात: 11.30 बजे एकल नृत्य (जूनियर) व दोपहर 2 बजे से चाईल्ड विथ पेरेन्ट्स प्रतियोगिता, दोपहर 3 बजे मिस्टर एवं मिस जालोर प्रतियोगिता तथा रात्रि 8 बजे बॉलीवुड नाईट अमित मिश्रा का आयोजन किया जाएगा। जालोर महोत्सव का समापन समारोह स्टेडियम प्रागंण में 13 फरवरी, मंगलवार को सायं 4:30 बजे आयोजित होगा।

### भारत माता की आरती हुई

विश्व प्रस्द्धि बहुआयामी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य ने जालोर महोत्सव के दौरान शनिवार को स्टेडियम परिसर के नटराज मंच पर "हम करें राष्ट्र आराधना...." के साथ स्वाभिमान व शौर्य के प्रतीक महाराणा प्रताप का चित्र बनाकर राजस्थान का गुणगान करते हुए गीत गाकर राजस्थान की वीर प्रसूता भूमि को नमन किया।

बाबा सत्यनारायण मौर्य ने विभिन्न गीत, संगीता व कविता की प्रस्तुति देते हुए देशभक्ति, राम मंदिर निर्माण एवं माँ गंगा की आराधना का गीत गाया। मौर्य ने पर्यावरण को लेकर भी काव्य पाठ किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद व जलन्धरनाथ की चित्रकारी करते हुए संगीतमय कविता पाठ किया।

इस दौरान जिला कलक्टर निशान्त जैन, पॉस्को कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार, महोत्सव के मुख्य समन्वयक व उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास, जिला समन्वयक रतन सुथार सहित महोत्सव से जुड़े पदाधिकारी एवं कलाप्रेमी उपस्थित रहे।

# रन फॉर भीनमाल में रमेश विजेता, दिनेश उप विजेता

**भीनमाल**, (निसं)। राजस्थान पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, विकास समिति के तत्वावधान में जालोर महोत्सव के तहत रविवार को रन फॉर भीनमाल का आयोजन किया गया।

स्थानीय माघ चौक से उपखंड अधिकारी पंकज शर्मा, अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी, महोत्सव समन्वयक भंवरसिंह राव, सह समन्वयक जबराराम भाटी, मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड स्थानीय माघ चौक से उप खंड कार्यालय, खारी रोड, विवेकानंद सर्किल, रानीवाडा रोड, करडा सर्किल होते हुए शिवराज स्टेडियम पंहुची। सभी धावक सफेद टी शर्ट एवं सफेद टोपी में आकर्षक लग रहे थे। मानो सड़क पर सफेद पौशाक की लहर दौड़ रही हो, सडक के दोनों किनारों पर नागरिक देख कर, हाथ हिला कर इनका अभिवादन कर रहे थे।

स्टेडियम पंहुचने पर सभी धावकों के लिए खाद्य व्यापार संघ द्वारा गर्म दूध एवं बिस्कुट की व्यवस्था रखी गई थी। वहीं पर वरिष्ठ नागरिकों की दौड आयोजित की गई । जिसमें भंवरसिंह राव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान साजनराम विश्नोई रहे। तृतीय स्थान पर श्याम अग्रवाल रहे। इसी दौड में नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी उम्र 72 ने भी भाग लेकर दौड को रोचक बना दिया। रन फॉर भीनमाल दौड में रमेश चौधरी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर दिनेशपुरी, तृतीय स्थान भूपेन्द्र रहे।

इसी तरह गर्ल्स दौड में पूजा चौधरी प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर मोनिका चौधरी व तृतीय स्थान पर संचिता वैष्णव रही। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि शिवराज स्टेडियम में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें प्रशासन व माघ स्पोर्ट्स के नागरिकों के बीच रोचक मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता के तहत माघ स्पोर्ट्स के नागरिकों ने प्रशासन को हराकर जीत हासिल की। जालोर महोत्सव के तहत आयोजित हुई दौड प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में उत्साह दिखाई दिया। प्रतियोगिता को लेकर छोटे बच्चे भी दौड़ में भाग लेते नजर आए। इस बार दौड में बालिकाओं ने भी भाग लेकर नयी परम्परा की शुरुआत की। 200 मीटर दौड में दौलतराम प्रथम, मोहम्मद आरिफ द्वितीय तथा सुनिल विश्नोई तृतीय रहे। बालिका 200 मीटर दौड में विमलाकुमारी प्रथम स्थान पर, संगीताकंवर द्वितीय स्थान पर तथा निकिताकंवर तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कब्बडी में प्रथम स्थान पर वीर तेजा क्लब एवं द्वितीय स्थान पर केरियर एकेडमी रही। वॉलीबाल में प्रथम स्थान पर माघ स्पोर्ट्स क्लब ब्लू विजेता एवं माघ स्पोर्ट्स क्लब रेड उप विजेता रहे। इस दौरान समारोह उप खंड अधिकारी पंकज शर्मा, पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी, समन्वयक भंवरसिंह राव, सह समन्वयक जबराराम भाटी, खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष पारस मोदी, श्याम खेतावत, पुखराज माली, डॉ अक्षय बोहरा, संदीप देसाई, सुरेश विश्नोई, रमेशकुमार मंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

जालोर महोत्सव के तहत स्थानीय मरूधरा ब्लड बैंक में रक्त दान शिविर का आयोजन भी किया गया । जिसमें उप खंड अधिकारी पंकज शर्मा, सह समन्वयक जबराराम भाटी, इकबाल खां, मंजू जीनगर एवं रोहित जीनगर सहित कई लोगों ने रक्त देकर अन्य लोगों का हौसला अफजाई किया। जालोर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं एवं समाज सेवीयों का सोमवार को स्थानीय विकास भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।

### नशा मुक्ति, बेटी बचाओ का संदेश

**जालोर**, (कासं)। प्रजापत समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि श्रीयादे माता की जयंती के महोत्सव का आयोजन रविवार को राधे कृष्णा नवयुवक मंडल जालोर के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

महोत्सव की पूर्व संध्या पर भक्ति संध्या में भजन गायक कलाकार अंकुश गहलोत ने श्रीयादे माता, आशापुरी माता, भेरूजी एवं हनुमान जी के शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। जिस पर समाज के युवा एवं महिलाओं ने मधुर धुन पर खूब झूमे। साथ ही मां श्रीयादे एवं हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रीयादे माता के भजन पर श्रोताओं ने जमकर आनंद लिया इस दौरान प्रजापत समाज की ओर से राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का माला साफा पहनकर सम्मान किया। भजन संध्या में भेरुनाथ अखाडे के संत ईश्वरनाथ, गोपालनाथ एवं धुनिया मठ के सोमपुरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भामाशाह गोकुल कुमार, थाना राम ओसवाल, राणाछोडा राम लच्छीराम बडवाल, दिनेश कुमार कानाराम ओसवाल, महावीर कुमार भगवाना राम गुंगोमन, फुलाराम नरसा राम बडवाल, रणछोडाराम मोहन लाल देवडा, गवरी देवी लच्छीराम सियोटा, मंगलाराम मोतीजी देवडा, ललित कुमार शंकर लाल देवडा का बहुमान किया। भजन संध्या का संचालन रणजीत प्रजापत ने किया।

### श्रीयादे माता का जन्मोत्सव मनाया

**बालोतरा**, (निसं)। समदडी के अजीत रोड स्थित प्रजापत समाज की आराध्य देवी श्री श्रीयादे माता मंदिर पर श्रीयादे माता जन्मोत्सव प्रजापत समाज 24 खेडा सिवांची पट्टी के तत्वावधान ने गोविंदरामजी बगेची गादीपति नरसिंग दास महाराज के सानिध्य में मनाया।

मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष बगदाराम प्रजापत ने बताया कि रविवार को भक्तशिरोमणी श्रीयादे माता जयंती के अवसर पर अल सवेरे पुजारी द्वारा निज मंदिर में स्थापित देव प्रतिमाओं को स्नानादि करवाकर नव वस्त्रों से सुज्जित किया गया।मंदिर परिसर में बने हवन कुंड में बोलीदाता परिवार जनों द्वारा आहुतियां दी गई। मंदिर शिखर पर अमर ध्वजा के लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। श्रीयादे माताजी की महाआरती की। उसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे पर थिरकते हुए युवा व महिलाएं चल रही थी।शोभायात्रा में भक्त शिरोमणी श्रीयादे माताजी झांकी, राम दरबार की झांकी, शिव दरबार की झांकी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।

# जोगेश्वर गर्ग ने स्वरचित गजल से काव्य पाठ किया

**जालोर**, (का.सं.)। पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन व जालोर विकास समिति जालोर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जालोर महोत्सव के प्रथम दिन शनिवार को रात्रि 10 बजे अखिल भारतीय विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देशभक्ति व हास्य व्यंग्य की बौछारो पर लोगो को देर रात्रि तक खूब हंसाया। वही राजस्थानी व देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं ने युवाओं में नया जोश भरा।

समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भी अपनी स्वरचित गजल के माध्यम से काव्य पाठ करते हुए कहा कि जालोर के गौरवपूर्ण इतिहास पर भी काव्य सृजन की बात कही।

कलैक्टर निशान्त जैन, पॉस्को कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित, नगर परिषद सभापति गोविन्द टांक, उपसभापति अम्बालाल व्यास, वरिष्ठ साहित्यकार परमानन्द भट्ट सहित काफी लोग मौजूद थे।

जालोर महोत्सव के दौरान रात्रि स्टेडियम प्रांगण के नटराज मंच पर विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन का आगाज श्रृंगार रस की कवयित्री दिल्ली निवासी कल्पना शुक्ला ने माँ शारदे कीवंदना के साथ कवि सम्मेलन का विधिवत् आगाज किया। मंदसौर के हास्य कवि मुन्ना बैट्री ने हास्य व्यंग्य की पैरोडी सुनाकर लोगों को हंसने पर मजबूर कर दिया। वही कोरोना काल की छोटी-छोटी घटनाओं पर कविता के माध्यम से व्यंग्य भी किया। राजस्थानी कवि राजेन्द्र स्वर्णकार ने मायड़ भाषा में राजस्थान की संस्कृति को काव्य पाठ के माध्यम से प्रस्तुत किया। देहरादून के कवि श्रीकांत ने देशभक्ति व वीर रस की कविताओं से श्रोताओं में देशभक्ति का जोश भर दिया। बारां के हास्य रस के कवि सुरेन्द्र यादवेन्द्र ने माँ की ममता को लेकर फिल्मी गानों पर सटीक व्यंग्य किया। दिल्ली के गीतकार गजेन्द्र सोलंकी ने राष्ट्र की बलिवेदी पर मर-मिटने वाले शहीदों व राम मंदिर निर्माण पर गीत गाकर राष्ट्र वंदना के साथ राम मंदिर निर्माण के संकल्प पर काव्य पाठ किया। संचालन मुम्बई के हास्य व्यंग्य संचालक महेश दुबे ने करते हुए हास्य-व्यंग्य और देशभक्ति सहित मानवीय संवेदनाओं पर काव्य पाठ किया। भीलवाड़ा के ओजस्वी कवि योगेन्द्र शर्मा ने भी देशभक्ति पर आधारित कविता के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति का संचार किया।

**सायला संवाददाता के अनुसार :** उपखण्ड मुख्यालय पर जालोर महोत्सव सायला 2024 के तहत जलसो सायला रो में शनिवार रात्रि को सांस्कृतिक सन्ध्या का आयोजन किया गया।सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अतिथियों द्वारा प्रभु श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। खुशबू कुमारी ने गणेश वन्दना प्रस्तुत की।

## सार-समाचार

### आई माता की शोभायात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में माही बीज के अवसर पर सीरवी समाज ने आई माता की शोभायात्रा निकाली। रामदेव रोड स्थित आई माता वडेर से सुबह 10:00 बजे बैंड बाजे ढोल धमाका के साथ शोभा यात्रा रवाना हुई। जिसमें घोड़े पर सवार युवकगण, मिकी माउस, पारंपरिक पोशाक में डीजे पर ढोल की धुन पर महिलाएं चश्मा लगाए हाथों में छतरियां लेकर नृत्य प्रदर्शन कर रही थी। इसके पीछे महिला मंडल भजन गाती, एक दर्जन झांकियां में आई माता के जीवन को चरित्र करती झांकियां में आई माता और भगत, राधा कृष्ण, शेष सैया पर विष्णु भगवान, सड़क पर राम लक्ष्मण सीता हनुमान के साथ योगी आदित्यनाथ की झांकी आकर्षण का केंद्र थी। ढोल थाली पर नृत्य करते सीरवी समाज की गैर अंत में आई माता की ज्योत और रथ के साथ जय कारे लगाते समाज बंधु थे, शोभायात्रा रामदेव रोड, पानी दरवाजा, सराफा बाजार, पटवा बाजार, सोमनाथ मंदिर सूरजपाल, नहर पुलिया पहुंचने पर सांसद पीपी चौधरी, किसान नेता भंवर चौधरी, प्रकाश चौधरी ने समाज के पुनाराम गमनाराम नारायण लाल रतन लाल का स्वागत किया, शोभायात्रा का जगह-जगह मिल्क रोज जूस पिलाकर स्वागत किया गया, नहर पुलिया से जनता कॉलोनी आई माता मंदिर पहुंच समाप्त होने के बाद प्रसादी का आयोजन शोभायात्रा विसर्जन पर सभा का आयोजन हुआ जिसमें सांसद पी,पी चौधरी पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, मारवाड़ जंक्शन के विधायक केसाराम जी चौधरी, नगर परिषद के पूर्व सभापति राकेश भाटी,नगर परिषद के पूर्व सभापति श्री महेन्द्र जी बोहरा, जज श्री प्रवीण जी सोलंकी, अखिल भारतीय सीरवी युवा परिषद् के अध्यक्ष श्री सुरेश जी चौधरी पार्षद तेजाराम भायल , सीरवी समाज महासभा के महामंत्री भंवरलाल, चौहान,अपने विचार रखे।

### रेलकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। फिजिक्स वाला विद्यापीठ उत्कर्ष एवं उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रेल्वे क्लब में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। जहां रेलकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। फिजिक्स वाला विद्यापीठ उत्कर्ष, जोधपुर के बिजनेस हेड विकास व्यास ने जानकारी दी कि जोधपुर के रेलवे क्लब में आयोजित इस विशेष समारोह में मुख्य अतिथि एडीआरएम मनोज जैन सहित यूपीआरएमएस के जोनल कार्यकारी महासचिव अजय शर्मा व मंडल सचिव और जोनल महासचिव एन.जे. सिंह की उपस्थिति में रेलकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनका सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के तहत रेलकर्मियों के कक्षा नौ, दस, ग्यारह तथा बारहवीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले करीब 200 से अधिक प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनोज जैन ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। उन्होंने प्रतिभावान बच्चों को आगे लाना एवं अन्य बच्चों के विद्यार्थी स्वरूप को सकारात्मक रूप में निखारना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी बताया। जैन ने कार्यत्रक्रम को सफल बनाने के लिए पीडब्ल्यू विद्यापीठ उत्कर्ष के सहयोग पर आभार जताते हुए अजय शर्मा, एन.जे. सिंह, अनिल व्यास, ललित गर्ग, राजेश शर्मा, सुल्तान मीणा, शंकर सिंह भाटी, कानाराम पटेल, मोहम्मद आमिन, गौरव चौधरी, शक्ति सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया।

### बाबा रामसापीर के दरबार में उमड़ी भीड़

**बालोतरा**, (निसं)। बाबा रामदेव की विश्राम स्थली के नाम से विख्यात बिठूजाधाम स्थित प्राचीन रामसापीर के मंदिर पर माघ शुक्ल पक्ष की बाबा दूज के मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेवजी की प्रतिमा के दर्शन व पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष बाबा के परम भक्त भैरूलाल डागा ने बताया कि मंदिर में बाबा दूज के अवसर पर रविवार को दिनभर श्रद्धालुओं की रेलमपेल लगी रही। प्रात : ब्रह्म मुहूर्त में क्षेत्र के बालोतरा शहर सहित जानियाना, माजीवाला, बुडीवाडा, जागसा, असाडा, टापरा, गोपडी, आसोतरा, कीटनोद, जसोल, पचपदरा, पारलू, कनाना, सराणा, सहित आसपास के गांवों व कस्बों से बड़ी संख्या में पैदल जातरु हाथों में रंग-बिरंगी ध्वज पताका लिए बिठूजाधाम आकर बाबा की आदमकद प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर महाआरती में भाग लिया।बाबा दूज के मौके पर सूर्य की प्रथम किरण के साथ ही रामसापीर की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी द्वारा पंचामृत से अभिषेक किया गया। इसके बाद प्रतिमा को नवीन वस्त्राभूषण पहनाकर सुगंधित फूलों से श्रृंगारित किया। अल सवेरे महाआरती में ट्रस्टी जीतू लुंकड़, गौतम गहलोत, राणाराम मेघवाल,राजू डागा, खेताराम प्रजापत, तिलोक माली,पुजारी फौजराम प्रजापत,घेवरचंद प्रजापत, किशन, पारसमल ने महाआरती की। उन्होंने ने बताया कि माघ सुदी बीज के बाबा रामदेव जी की प्रतिमा को नई पोषाक पहनाई गई।बीज के अवसर पर मंदिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक नारायण माजीराणा सहित स्थानीय भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

### प्रजापत समाज की झांकियां ने मन मोहा

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीयादे जयंती के अवसर पर रविवार को प्रजापत समाज की ओर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सूरज पोल पानी की दो टंकी स्थित श्रेया देव मंदिर से सुबह 9 बजे बैंड बाजा नासिक ढोल के साथ प्रजापत सेना के नेतृत्व में शोभा यात्रा रवाना हुई, जिसमें घोड़े पर सवार युवा, समाज के युवा केसरिया ध्वज उठाएं जय कारे लगाते चल रहे थे। सैकड़ो महिला युवतियां सर पर कलश उठाए चल रही थी, शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक झांकियां, नरसिंह भगवान, चौक पर कुमार, राधा कृष्ण, महादेव परिवार, राम दरबार, भजन गाती महिलाएं झांकियां में सम्मिलित था। सरियादेव की झांकी, रमेश महाराज रथ पर विराजमान थे। शोभायात्रा सूरजपोल, सोमनाथ मंदिर सराफा बाजार, उदयपुरिया बाजार, गुलजार चौक, नवलका रोड, रोटरी भवन नहर पुलिया होते हुए इंदिरा कॉलोनी प्रजापत छात्रावास पहुंच समाप्त हुई। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। छात्रावास में सम्मान कार्यक्रम में प्रजापत समाज के लोग मौजूद रहे। उसके बाद प्रसादी के कार्यक्रम हुआ।

### रक्तशाला में शिविर आयोजित


**जोधपुर**, (कासं) । समाजसेवी नेनूराम सारस्वत की स्मृति में रविवार को रक्तशाला परिसर में शिविर में 8 मातृशक्ति, 56 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर संयोजक अनिता रमेश सारस्वत ने बताया कि समाजसेवी नेनूराम सारस्वत की स्मृति में थेलेसिमिया पीड़ित बीमारी से पीड़ित बच्चों के के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर में विधायक देवेंद्र जोशी, महापौर कुंती देवड़ा, उत्कर्ष के निदेशक निर्मल गहलोत, पूर्व जेडीए चेयरमैन डॉक्टर महेंद्र सिंह राठौड़ वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद पुरोहित, डॉक्टर अरविंद मालवीय, समाजसेवी आदर्श शर्मा, जिला कांठोस अध्यक्ष सलीम खान उद्यमी राजेश जीरावला, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, अधिवक्ता अशोक पटेल, समाजसेवी अश्वनी व्यास, पुलिस निरीक्षक बलवंत सिंह, समाजसेवी हरिकृष्ण सारस्वत, उपमहापौर किशन लड्ढा पुलिस निरीक्षक राकेश शर्मा ने सारस्वत की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।

### लम्बे समय से फरार आरोपी गिरफ्तार

**बाप**, (निसं)। जिला विशेष टीम व बाप पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक ईनामी डोडा पोस्त तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक फलोदी हनुमान प्रसाद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ईनामी डोडा पोस्त तस्कर राकेश, जो कि पुलिस थाना बाप पर एनडीपीएस एक्ट केस में वांछित है, बज्जू गया हुआ है। पुलिस अधीक्षक फलोदी द्वारा बाप थानाधिकारी महेंद्र सिरवी को निर्देशित करते हुए आरोपी की दस्तयाबी के लिए बाप पुलिस टीम को बज्जू भेजा गया। जहां पर पुलिस थाना बज्जू के एएसआई बीरबलराम, मुख्य आरक्षी मैनपाल, कांस्टेबल सुरेश कुमार व लाभूराम की सहायता से टीम ने ईनामी वांछित अपराधी राकेश पुत्र मोहनराम विश्नोई निवासी कानासर थाना बाप को दस्तयाब कर लिया। आरोपी राकेश की गिरफ्तारी में मुख्य आरक्षी प्रदीप जिला विशेष टीम फलोदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### 14 अवैध जल संबंध हटाए

**जैसलमेर**,(नि.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अभियान के तहत अवैध जल संबंध हटाने की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत अधीक्षण अभियंता जेराराम द्वारा जल योजना सम बीदा कनोई केसुओ की बस्ती की रोजानियो की बस्ती से कनोई जाने वाली मुख्य पाइप लाइन पर रिसोर्ट मालिकों द्वारा किये गये अवैध जल संबंध हटाने के लिए कनिष्ठ अभियन्ता कुमार संदीप अनुभाग सम एवं अनुबंधक को निर्देशित किया गया, इन निर्देशों की पालना में रविवार तक 14 अवैध जल संबंध हटाये गये। अधीक्षण अभियंता जेराराम द्वारा संबंधित कनिष्ठ अभियन्ता एवं संबंधित अनुबंधक टीम को पाबंद किया गया है कि इस पाइप वे अवैध जल संबंध हटाकर जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू करें।



*जयपुर के धानक्या गांव में प. दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यान समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल ने प. दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय योजना को सरकार का आदर्श बताया। कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व अन्य वरिष्ठ महानुभावों ने शिरकत की।*

# धानक्या में प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति व्याख्यान माला आयोजित हुई

## मुख्यमंत्री भजन लाल ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह का उद्घाटन किया

- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और दीनदयाल उपाध्याय पर अपने विचार व्यक्त किए।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्ति तक सरकारी कल्याण योजनाओं के लाभ पहुंचा रहे हैं।**
- **कार्यक्रम में जयपुर शहर के विधायकों सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।**

जयपुर, 11 फरवरी (का.सं.)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति जयपुर की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन दर्शन की प्रासंगिकता विषयक स्मृति व्याख्यान समारोह आयोजित किया गया।

पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, स्मारक के निर्माण और उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक एवं उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधर ग्रुप के संचालक मंडल के सदस्य एवं उद्योगपति राजेश गौतम ने की।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश में आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विचार सत्ता के शीर्ष केंद्र में हैं। उपराष्ट्रपति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, अनुसूचित जाति और जनजातियों के विकास के लिए उठाए जा रहे कदम, आदिवासी महिला का राष्ट्रपति बनने जैसे कदम समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को आगे बढ़ने का संदेश दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यही दीनदयाल उपाध्याय की दूरदर्शिता थी, जिसे आज सरकार पूरा कर रही है। उपराष्ट्रपति ने भारत सरकार को किसान हितैषी बताते हुए आधुनिक कृषि को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही लोगों से दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को अपने जीवन में डालने का आ ान किया।

मुख्य वक्ता के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने उपस्थित प्रबुद्धजनों का मार्गदर्शन किया। निंबाराम ने पंडित उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने दीनदयाल के विचारों को युगानुकूल बताते हुए जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया। कल तक पार्टी की अंतिम छोर पर रहने वाला कार्यकर्ता आज राजस्थान का मुख्यमंत्री है यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय जीवन दर्शन का एक उदाहरण है। पंडितजी ने सदैव राष्ट्र की एकता और नागरिकों की एकात्मता पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जब देश में साम्यवाद का विचार चरम पर था तब पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार एक नई आशा की किरण लेकर आया। आजादी के बाद अंत्योदय का विचार अब जाकर साकार होने लगा है। जिसका सपना क्रांतिकारियों ने देखा था, जो एकात्ममानववाद को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी, उसे 1977 में राजस्थान राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने शुरू किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे राष्ट्रीय स्तर लागू करने का बीड़ा उठाया और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस विचार को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी पहुंचाया और अब घर-घर पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अब यह हम सबका कर्तव्य है कि हम अंत्योदय के विचार के साथ सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्ति तक पहुंचाएंगे।

वहीं विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक एवं उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन सरकार के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान गिरधर ग्रुप के संचालक मंडल के सदस्य एवं उद्योग पति राजेश गौतम आदि ने विचार व्यक्त किए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति जयपुर के अध्यक्ष मोहनलाल छीपा, सचिव प्रतापभानु सिंह शेखावत ने स्मारक को लेकर भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, कामां विधायक नौक्षम चौधरी, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र राठौड़, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी, ग्रेटर निगम जयपुर की महापौर डॉ सौम्या गुर्जर, ग्रेटर निगम उपमहापौर पुनीत कर्नावट, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पूर्व चेयरमैन एवं पार्षद राखी राठौड़, ग्रेटर निगम चेयरमैन एवं पार्षद अरुण शर्मा, भाजपा नेता अजयपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में संघ एवं भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ‘कभी-कभी मुझे लगता है मैं एक आतंकवादी हूं’

## दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ई.डी., सी.बी.आई. और पुलिस समन के संदर्भ में यह टिप्पणी की

- **केजरीवाल ने कहा, केन्द्र सरकार मेरे साथ अपराधी जैसा व्यवहार कर रही है, यह मुझे जेल भेजना चाहती हैं। मैं झूठे नोटिसों से डरने वाला नहीं हूँ।**

पंजाब, 11 फरवरी। पंजाब के खडूर साहिब संसदीय क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आमआदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा, कभी-कभी मुझे लगता है कि, मैं एक आतंकवादी हूँ। केजरीवाल ने सी.बी.आई. के समन, ईडी नोटिस और पुलिस नोटिस को लेकर यह बात कही है। उन्होंने कहा, वे हर दिन मेरे खिलाफ नए आरोप लगाते हैं। कभी सी.बी.आई. समन, कभी नोटिस, कभी पुलिस नोटिस भेजते हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि, जैसे देश का सबसे बड़ा आतंकवादी मैं ही हूँ।

उन्होंने कहा कि, केंद्र सरकार मेरे साथ एक अपराधी की तरह व्यवहार कर रही है। वह मुझे झूठे आरोप लगाकर गिरफ्तार करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि, जांच एजेंसियां भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं और मुझे जेल में डालना चाहती हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि, ये लोग मुझे गिरफ्तार करके जेल भेजना चाहते हैं, जिससे मैं आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार ना कर सकूं। इनके पास मेरे खिलाफ किसी भी मामले में कोई सबूत नहीं है, इसके बावजूद मुझे नोटिस पर नोटिस भेजकर परेशान कर रही हैं। ये लोग अगर सोच रहे हैं कि, मैं ऐसे झूठे नोटिसों से डर जाऊंगा, तो यह गलत सोच रहे हैं। चुनावी सभा में केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में पंजाब की 13 की 13 और दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। केजरीवाल का यह बयान कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

ज्ञातव्य है कि, आप व कांग्रेस, दोनों इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं और अभी तक सीट बंटवारे को लेकर बात फाइनल नहीं हुई है। अब जब केजरीवाल ने यह ऐलान किया है तो इससे कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं।

इससे पहले कहा जा रहा था कि, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली, हरियाणा और गोवा राज्यों में गठबंधन का फॉर्मूला तय हो चुका है और पंजाब पर बातचीत जारी है। लेकिन अब केजरीवाल के इस बयान ने पिछली खबरों पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

# भूमिगत बम फटा, एक जवान घायल

- **छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के एक कैम्प से निकले जवान नक्सलियों के लगाए भूमिगत बम की चपेट में आ गए, एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है।**

बीजापुर, 11 फरवरी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज नक्सलियों द्वारा लगाए बम की चपेट में आकर एक जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नेलसनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत डुमरीपालनार कैम्प से जवानों की टुकडी एरिया डोमिनेशन और डी-माइनिंग के लिए निकली थी। तभी सुबह 9 बजे के आसपास डुमरीपालनार और तिमेनार के मध्य नक्सलियों के द्वारा लगाए गए बम की चपेट में आने से सी.ए.एफ. जवान पुनीत नेताम घायल हो गया। घायल जवान को पैर और पीठ पार चोट आई, जिसका का प्राथमिक उपचार नेलसनार अस्पताल में किया गया। जवान को एयर लिफ्ट कर रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल भेजा गया है। नक्सलियों ने डुमरीपालनार क्षेत्र में जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए 5-5 किलो का आई.ई.डी. जमीन के अंदर प्लांट कर रखा था, लेकिन जवानों की सतर्कता के कारण सुरक्षा बलों ने बम बरामद कर लिया।

### 13 फरवरी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भारतीय किसान एकता के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा है कि, लाठी और बंदूक से किसान को नही दबाया जा सकता। उन्होंने कहा कि, किसान हर हालत में कानून के दायरे में रहकर दिल्ली पहुंचेगा।

रविवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संयुक्त किसान मोर्चा व किसान मजदूर मोर्चा के दिल्ली कूच के आ ान के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिजली, पानी, चिकित्सा, यातायात जैसी अतिआवश्यक सेवाएं किसी भी सूरत में प्रभावित न हों। इसके अलावा कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी सभी मुख्य स्थानों को चिह्नित करके अतिरिक्त सुरक्षा के कड़े इंतजाम करें।

### हल्द्वानी में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने सीसीटीवी के परीक्षण के आधार पर 25 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से सात तमंचे व 54 गोलियां भी बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि दंगाइयों के पास से बनभूलपुरा थाना से लूटे गये 99 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं।

इस प्रकरण का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अभी भी फरार बताया जा रहा है।

# कांस्टेबल की भर्ती परीक्षा अब 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी

## 128 शहरों में 20 फरवरी से 7 मार्च तक परीक्षा आयोजित होगी

- **अब तक यह परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी, दो भाषाओं में ही होती रही है। एक जनवरी को गृह मंत्रालय ने कॉन्स्टेबल भती परीक्षा 13 अन्य भाषाओं में भी कराने का निर्णय लिया।**
- **तेरह भाषाएं हैं- असमिया, बांग्ला, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, तमिल, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी एवं कोंकणी।**

नयी दिल्ली, 11 फरवरी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी।

यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवारों के लिए 20 फरवरी से सात मार्च 2024 तक आयोजित की जाएगी।

गृह मंत्रालय ने गत एक जनवरी से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था। यह ऐतिहासिक निर्णय गृह मंत्री अमित शाह की पहल पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में स्थानीय युवाओं की भागीदारी बढ़ ाने और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के लिए लिया गया है।

कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा के प्रश्न पत्र अब हिन्दी और अंग्रेज़ी के अलावा जिन 13 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किये जाएंगे उनमें, असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगू, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी शामिल हैं।

कांस्टेबल (जीडी) चयन परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है जो देश भर से लाखों युवाओं को आकर्षित करती है। इसलिए, गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग ने हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने की सुविधा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। तदनुसार, चयन आयोग ने कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा, 2024 को अंग्रेजी और हिंदी के अलावा 13क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने के लिए अधिसूचना प्रकाशित की है।

इस ऐतिहासिक निर्णय से देशभर के लाखों युवा अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में इस परीक्षा में भाग ले सकेंगे जिससे उनके चयन की संभावनाएं बढ़ ेंगी। इसके, परिणामस्वरूप पूरे देश में परीक्षार्थियों के बीच इस परीक्षा की पहुंच बढ़े गी और सभी को रोजगार का समान अवसर भी मिलेगा।

# प्र.मंत्री ने झाबुआ में 7,500 करोड़ रू. की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को भी संबोधित किया और कहा कि, केन्द्र सरकार विकास के लिए कृतसंकल्प है

- **जनजातीय सम्मेलन में मोदी को वनवासी राम का स्मृति चिन्ह, धनुष-बाण भेंट किया गया।**
- **मोदी ने कई अन्य योजनाओं के साथ क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय बनवाने की घोषणा की।**

झाबुआ, 11 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि, केन्द्र सरकार पिछले दस वर्षों में जनजातीय उत्थान, गौरव और सम्मान के लिए समर्पित रही है। मध्यप्रदेश देश के सामने सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है कि, डबल इंजन की सरकार कैसे काम करती है।

मोदी यहां जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने लगभग 7500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, झाबुआ यात्रा लोक सेवक के रूप में प्रदेश की जनता का आभार प्रकट करने के उद्देश्य से है जिसने विधानसभा में विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई। केन्द्र सरकार की जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए कृत संकल्पित है।

मोदी ने कहा कि, झाबुआ, खरगोन, अलीराजपुर, धार, बड़वानी सहित मध्यप्रदेश के लिए करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण, गांवों की बेहतरी के लिए आदर्श गांव योजना में जारी राशि, बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़ी रेल परियोजनाएं, रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और जनजातीय समाज की दो लाख बहन बेटियों के खातों मे1500-1500 रुपए देने जैसे विकास के काम बताते हैं कि, मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल तेजी से काम कर रही है,विकास के इस महाभियान का श्रेय जनता को जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने टंट्या मामा के नाम पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय की घोषणा की।

प्रधानमंत्री जनजातीय बहुल क्षेत्र झाबुआ के गोपालपुरा में जनजातीय बंधुओं से रूबरू हुए। उन्होने विकास कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जनजातीय बंधुओं के विशाल कुंभ में अभिवादन स्वीकार करते हुए मोदी मंच पर पहुंचे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, जनजातीय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उराम तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मोदी को वनवासी राम का स्मृति चिन्ह तथा तीर कमान भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। इस अवसर पर क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। विशाल जनजातीय महाकुंभ में मध्यप्रदेश सहित गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के लोगों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने बाबा डूंगर देव की जय के उद्घोष के साथ बड़ी संख्या में पधारे जनजातीय समाज को नमन करते हुए कहा कि झाबुआ जितना मध्यप्रदेश से जुड़ा है उतना ही गुजरात से जुड़ा है।

### ‘चुनाव आयोग ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शरद पवार ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दावा किया कि, जब कोई सत्तारूढ़ भाजपा का विरोध करता है तो सत्ता का दुरुपयोग स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने दावा किया, ‘‘ईडी ने देश भर में जांच की है, जिसमें 2005 से 2023 तक 6,000 मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन, 25 मामलों में पर्याप्त निष्कर्ष प्राप्त हुए और (जिनमें से) 85 प्रतिशत मामले विपक्ष के नेताओं से जुड़े थे।

बाद में जब एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों ने उनसे एन.सी.पी. के नाम और चुनाव चिह्न पर निर्वाचन आयोग के फैसले के बारे में पूछा, तो पवार ने कहा कि, उन्होंने अपना पहला चुनाव ‘‘बैलों की जोड़ी के चुनाव चिह्न पर लड़ा था। विचार और विचारधारा किसी भी चिह्न से अधिक महत्वपूर्ण हैं।’’

पत्रकार निखिल वागले पर हमले के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि, पुणे में एक व्यक्ति पर हमला किया गया और एक कार में तोड़फोड़ की गई, यह चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और राज्य तथा केंद्र को इस पर ध्यान देना चाहिए। पवार के राजनीतिक गढ़ , बारामती लोकसभा क्षेत्र से जुड़े एक सवाल के जवाब में शरद पवार ने कहा, ‘‘मैं आगामी चुनाव नहीं लड़ने जा रहा हूं। बारामती के लोग सीधे और सरल हैं। वे सही निर्णय लेंगे।

नागरिकता संशोधन कानून सी.ए.ए. के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, ‘‘सी.ए.ए. लागू करना सही नहीं है, देखते हैं अगले हफ्ते क्या होता है।’’

### ‘किसानों की राह ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जा रहा है।

वाड्रा ने पोस्ट किया, ‘‘किसानों के रास्ते में कील-कांटे बिछाना अमृतकाल है या अन्यायकाल? इसी असंवेदनशील एवं किसान विरोधी रवैये ने 750 किसानों की जान ली थी। किसानों के खिलाफ काम करना, फिर उनको आवाज भी न उठाने देना – कैसी सरकार का लक्षण है? उन्होंने कहा, ‘‘किसानों से किया वादा पूरा नहीं किया, ना ही एम.एस.पी. का कानून बनाया, न किसानों की आय दोगुनी हुई, फिर किसान, देश की सरकार के पास नहीं आएंगे तो कहां जाएंगे? कांग्रेस नेता ने पोस्ट में कहा, ‘‘प्रधानमंत्री जी ! देश के किसानों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों?

### अमित शाह ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

द्वारा समर्थित निर्दलीय सुमलता अंबरीश भी शामिल थीं। कांग्रेस और जद (एस) को एक-एक सीट हासिल हुई थी।

यदियुरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि, मैसूरु भले ही मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का गृह जिला है, लेकिन यह भाजपा का गढ़ भी है क्योंकि लोग लोकसभा चुनावों में इसका समर्थन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद, श्रीनिवास प्रसाद के राजनीतिक संन्यास की घोषणा करने के कारण पार्टी इस सीट को जीतने के लिए रणनीति बनाने के साथ एक नया उम्मीदवार ढ ूंढ ेगी। मांड्या सीट पर अंबरीश की नजर पर विजयेंद्र ने कहा कि, केंद्रीय नेतृत्व इस पर फैसला करेगा।

अंबरीश ने हाल ही में दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। शाह ने सुत्तुरू का भी दौरा किया और सुत्तुरू यात्रा में भाग लिया।

# रायगढ़ में खुली जीप में घूमे राहुल, न्याय यात्रा में भीड़ उमड़ी

## दो दिन के विश्राम के बाद छत्तीसगढ़ में रायगढ़ से पुनः शुरु हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा

- **राहुल ने कहा, आदिवासियों का जल, जंगल, जमीन पर पहला कब्जा है। पर, मोदी कहते हैं, तुम वनवासी हो, जल, जंगल, जमीन पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है।**
- **राहुल बोले, प्र.मंत्री मोदी ने वो किया जो देश में पहले कभी नहीं हुआ है, डेढ़ लाख युवा भटक रहे हैं, सेना में उनकी भर्ती हो गई थी, पर, उसे रद्द कर दिया गया।**

रायगढ़ (छत्तीसगढ़ ), 11 जनवरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश में नफरत एवं हिंसा के लिए भाजपा एवं मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि, नफरत एवं हिंसा फैलाने वाले देश के हितैषी नही हो सकते।

गांधी ने आज यहां जन नायक चौक में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि, आज जो भी देश में हिंसा फैल रही है उसकी वजह भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। मणिपुर में दो समुदायों को हिंसा में झोंक दिया है। मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गए, मुझे भी वहां से जाने से रोका गया।

उन्होने कहा कि, देश के किसान, गरीब, पिछड़ा वर्ग, आदिवासी, दलितों महिलाओं के साथ आर्थिक और सामाजिक रूप से अन्याय किया जा रहा है। देश में अन्याय का बीज बोकर नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। सभा के दौरान उन्होंने सामने बैठाए गए बच्चों से पूछा, आप अन्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो या न्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो। इस पर बच्चों के साथ-साथ भीड़ ने कहा, न्याय के हिंदुस्तान में रहना चाहते हैं। साथ बैठी एक बच्ची ने कहा कि, भारत में इसलिए रहना चाहती हूं कि, मुझे अपने देश से बहुत प्यार है। बच्ची की बात पर गांधी ने कहा, जो बात देश के प्रधानमंत्री को समझ में नहीं आई वो बात इस बच्ची ने दो लाइन में कह दी। उन्होंने कहा, जो देश में नफरत फैलाते हैं वो देश प्रेमी नहीं होते हैं। गांधी ने नरेंद्र मोदी पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि, हिंदुस्तान के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ होगा जो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। जिन युवाओं ने पांच साल मेहनत कर पसीना बहाया उन्हें सेना में नौकरी नहीं दी। एक लाख 50 हजार युवा भटक रहे हैं सेना में उनकी भर्ती हो गई थी बाद में उनकी भर्ती रद्द कर दी गई और कहा गया, हम नहीं लेंगे। हिंदुस्तान के इतिहास में यह पहली बार हुआ। नियुक्ति हो जाने के बाद भी उन्हें नहीं लिया गया।

गांधी ने कहा कि, पहले सेना में जाने पर आर्मी उसकी और उसके परिवार की रक्षा करती थी, अब मोदी जी अग्नि वीर बना रहे हैं जिनकी कोई सुरक्षा नहीं है और चार साल के बाद चार में से एक को सेना में लिया जाएगा और बाकी को कोई सुरक्षा नहीं। अग्निवीर बॉर्डर पर लड़ते हुए अगर गोली लग जाने से शहीद हो जाता है तो उसे शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा। पहले आर्मी में डिफेंस की फैक्ट्री से बनी राइफल बंदूके खरीदी जाती थी अब सारे हथियार का ठेका अडानी को दिया गया है। देश की रक्षा में जिन भी हथियारों और उपकरणों की जरूरत होती है उसे एक एक कर अडानी जी कंपनी को दे दिया गया।

उन्होने कहा कि, पहले हम आदिवासियों को आदिवासी कहते थे और जल, जंगल, जमीन पर पहला कब्जा उन्हीं का मानते थे, लेकिन मोदी जी कहते हैं कि, तुम आदिवासी नहीं हो, तुम जंगल में रहते हो वनवासी हो, जल, जंगल, जमीन पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा की मैने लोकसभा में आवाज उठाई कि, देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने मना कर दिया कहा इसकी जरूरत नहीं है। कैसे पता चलेगा कितने पिछड़े हैं, कितने दलित हैं, कितने आदिवासी हैं।

गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गत 08 फरवरी को ओडिशा से छत्तीसगढ़ पहुंची थी। राज्य में यात्रा का दो दिन का विश्राम था। विश्राम के बाद आज फिर यात्रा शुरू हुई। गांधी दोपहर में रायगढ़ शहर पहुंचे और शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। खुली जीप में सवार होकर शहर में भ्रमण किया। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

### आर.पी.एन. सिंह ..

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

महेंद्र भट्ट तथा पश्चिम बंगाल से सामिक भट्टाचार्य को उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश से सात सीटों के लिए कांग्रेस से आए आर पी एन सिंह, डॉ सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, डॉ संगीता बलवंत और नवीन जैन को टिकट दिया गया है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908




# ₹ 2500 करोड़ से अधिक के निवेश से 17 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## सोमवार, 12 फरवरी 2024

**कार्यक्रम स्थल: रूपी रिसोर्ट मैदान, डबोक एयरपोर्ट के पास, उदयपुर, दोपहर 12:20 बजे**

### लोकार्पण

**चित्तौड़गढ़-उदयपुर खंड का 6-लेन निर्माण**
(लम्बाई-93 किमी., लागत- ₹ 1100 करोड़, एनएच-48)

**ब्यावर-आसींद खण्ड का 2-लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण**
(लम्बाई-44 किमी., लागत- ₹ 206 करोड़, एनएच-158)

**आसींद-मांडल खण्ड का 2-लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण**
(लम्बाई-43 किमी., लागत- ₹ 186 करोड़, एनएच-158)

**ब्यावर-गोमती खंड (बाघाना से मादा की बस्सी) 4-लेन का निर्माण**
(लम्बाई-14 किमी., लागत- ₹ 107 करोड़, एनएच-58)

**भमरासिया से मोड़ी-कुराबड़ सड़क का चौडाईकरण**
(लम्बाई-16 किमी., लागत- ₹ 14 करोड़, एमडीआर-150)

### शिलान्यास

**गागरिया-मुनाबाव खंड का 2-लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण**
(लम्बाई-56 किमी., लागत-₹ 235 करोड़, एनएच-25 ई)

**सांचौर शहर में एलिवेटेड राजमार्ग का निर्माण**
(लम्बाई-6 किमी., लागत-₹ 363 करोड़, एनएच-68)

**बालूखाल से अमलावाडा-अली-मौखमपुरा सड़क का चौड़ाईकरण कार्य**
(लम्बाई-11 किमी., लागत- ₹ 13 करोड़, एमडीआर-267)

**साकरोदा-मेनार सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य**
(लम्बाई-18 किमी., लागत-₹ 20 करोड़, एमडीआर-263)

**घणोली-देलवाड़ा सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य**
(लम्बाई-13 किमी., लागत- ₹ 17 करोड़, एमडीआर-271)

**चेनपुरा फाटक, झिलाई फाटक (टोंक), रीको फाटक (भरतपुर), हिण्डौन फाटक, हरसोली फाटक, डबल फाटक (अलवर), सांचौर फाटक (सांचौर) पर सेतुबंधन परियोजना के अंतर्गत रेलवे क्रॉसिंग पर 7 पुलों का निर्माण**
(लागत- ₹ 329 करोड़)

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- महाराणा प्रताप हवाई अड्डा डबोक से चित्तौड़गढ़ दुर्ग व सांवलिया सेठ मंदिर पहुँचना हुआ आसान
- किसानों को फसल एवं डेयरी उत्पादों को शहरों तक पहुँचाना हुआ आसान
- अंन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सीधी कनेक्टिविटी, सामरिक शक्ति को बल
- टॉडगढ़-रावली अभ्यारण्य में वन्य जीवों के लिए 13 अण्डरपास
- सीमेंट, ग्रेनाईट एवं जिंक इण्डस्ट्री को बेहतर कनेक्टिविटी
- रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात

## नितिन गडकरी
**सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार**
के द्वारा

एवं

## भजनलाल शर्मा
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**
की अध्यक्षता में

### गरिमामयी उपस्थिति

**जनरल वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)** — सड़क परिवहन और राजमार्ग, नागरिक विमानन राज्य मंत्री, भारत सरकार | **कैलाश चौधरी** — कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भारत सरकार | **दिया कुमारी** — उप मुख्यमंत्री, राजस्थान | **गोतम कुमार** — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार | **संजय शर्मा** — राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजस्थान सरकार

**अर्जुनलाल मीना** — सांसद उदयपुर | **सी.पी. जोशी** — सांसद चित्तौड़गढ़ | **दुष्यंत सिंह** — सांसद झालावाड़-बारां | **रंजीता कोली** — सांसद भरतपुर | **सुखबीर सिंह जौनापुरिया** — सांसद टोंक-सवाईमाधोपुर | **सुभाष चन्द्र बहेड़िया** — सांसद भीलवाड़ा | **देवजी मा. पटेल** — सांसद जालौर

### विधायकगण

उदयलाल डांगी, बल्लभनगर | राम सहाय वर्मा, निवाई | डॉ सुभाष गर्ग, भरतपुर | दीपचन्द खैरिया, किशनगढ़बास | रतन देवासी, रानीवाड़ा
प्रतापसिंह सिंघवी, छबड़ा | पुष्कर लाल डांगी, मावली | जीवाराम चौधरी, सांचौर | चन्द्रभान सिंह चौहान, चित्तौड़गढ़, | अर्जुन लाल जीनगर, कपासन
दीप्ति किरण माहेश्वरी, राजसमंद | रमेश खींची, कठूमर | हरी सिंह रावत, भीम | शंकर सिंह रावत, ब्यावर | जब्बर सिंह सांखला, आसींद
डॉ. प्रियंका चौधरी, बाड़मेर | रविन्द्र सिंह भाटी, शिव | उदयलाल भडाणा, मांडल

cbc 37107/15/0042/2324

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary https://twitter.com/nitin_gadkari www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial